ठाणे - मुंबई
से प्रकाशित
सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष - 18, अंक-180
मुल्य-2, पृष्ठ-8

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
www.tarunmitra.in
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार
संपादक- स्वतंत्र कुमार
e-mail-tarun.thana@gmail.com
महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार से प्रकाशित



# राम मंदिर में राम दरबार भक्तों के लिए खुला, दिन को 6 स्लॉट में बांटा

### दो घंटे कर सकेंगे दर्शन, सीमित संख्या में पास होंगे जारी

एजेंसी, अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर की पहली मंजिल पर स्थापति राम दरबार अब भक्तों के लिए खोल दिया गया है। राम दरबार के दर्शन की व्यवस्था शुरू किए जाने को लेकर शनिवार देर शाम फैसला लिया गया। इसलिए शनिवार को सिर्फ दो स्लॉट शाम 5 से 7 और 7 से 9 बजे के लिए सीमित संख्या में पास जारी किए गए।

जन्मभूमि मंदिर में दर्शन की परंपरा अब एक नए और भव्य रूप में परिवर्तित हो गई है। श्रद्धालु अब सिर्फ बाल स्वरूप रामलला के नहीं, बल्कि पूरे राम दरबार-राजा राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के भी दर्शन कर सकेंगे। यह नई दर्शन-व्यवस्था आज से प्रभावी हो गई है, जिससे भक्तों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

राम मंदिर ट्रस्ट ने दर्शन की सुविधा को व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए पूरे दिन को छह भागों में बांटा है। हर स्लॉट में 300 श्रद्धालु दर्शन करेंगे। प्रत्येक स्लॉट का समय दो घंटे रखा है। ट्रस्ट और जिला प्रशासन के बीच प्रत्येक स्लॉट के लिए कुल 150-150 पास तय किए गए हैं। इन्हें दो श्रेणियों में विभाजित किया गया है। हर स्लॉट के 300 पास में से 150 पास जिला प्रशासन को और 150 पास ट्रस्ट को दिए जाएंगे। इनमें 100 पास विशेष दर्शन के लिए और



50 पास आसान पहुंच वाले दर्शन के लिए होंगे. इन पासों के जरिए श्रद्धालुओं को बेहतर और शांतिपूर्ण दर्शन अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी ने बताया कि यह नई व्यवस्था श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव देने के उद्देश्य से की गई है। अब रामलला के साथ पूरा राम दरबार दर्शनार्थियों के लिए साक्षात होगा। राम दरबार का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 5 जून को संपन्न हुआ था। इस अवसर पर श्रीराम के राजसी स्वरूप के साथ-साथ राम जन्मभूमि परिसर में नव-निर्मित आठ मंदिरों में विग्रहों की स्थापना की गई थी। राम दरबार में भगवान श्रीराम के साथ माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं।

ट्रस्ट के मुताबिक मंदिर परिसर में अन्य देवताओं की भी प्रतिष्ठा की गई है। पूर्वोत्तर कोने में भगवान शिव, दक्षिण-पूर्व में भगवान गणेश, दक्षिण में हनुमान जी, दक्षिण-पश्चिम में सूर्यदेव, उत्तर-पश्चिम में भगवती देवी, उत्तर में माता अन्नपूर्णा शामिल हैं। यह मंदिर पारंपरिक नागर शैली में निर्मित है. इसकी लंबाई 360 फीट, चौड़ाई 235 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। यह 2.77 एकड़ क्षेत्र में फैला है और तीन मंजिला संरचना में निर्मित है। इसमें कुल 392 नक्काशीदार स्तंभ, 44 द्वार और हिंदू देवी-देवताओं की समृद्ध मूर्तिकला दिखाई देती है।

**दर्शन का निर्धारित समय**

सुबह 7:00 से 9:00 बजे
सुबह 9:00 से 11:00 बजे
दोपहर 1:00 से 3:00 बजे
दोपहर 3:00 से 5:00 बजे
शाम 5:00 से 7:00 बजे
रात 7:00 से 9:00 बजे

## संक्षिप्त समाचार

### अहिल्यानगर में ट्रक-निजी बस की टक्कर में तीन लोगों की मौत

**मुंबई** : अहिल्यानगर जिले में कोल्हार-घोटी हाईवे पर संगमनेर इलाके में रविवार को तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने तीनों शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के अनुसार आज सुबह मुंबई से शिरडी की ओर जा रही निजी बस को संगमनेर इलाके में लोनी से संगमनेर जा रही तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बस में सवार दो यात्रियों और ट्रक के सह-चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बस में सफर कर रहे आठ यात्री भी घायल हो गए। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पुणे में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई** : पुणे जिले कोंढवा इलाके में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सेना के खुफिया विभाग की मदद से चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। चारों अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और पिछले चार महीने से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कोंढवा इलाके में रह रहे थे। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को सेना के खुफिया विभाग से इन चारों के भारत में अवैध रुप से आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी वजह एटीएस, सेना और कोंढवा पुलिस स्टेशन ने मिलकर संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को एक को गिरफ्तार किया था।

### ईरान को ट्रंप की धमकी बोले-अगर हम पर हमला किया तो टूट पड़ेगी अमेरिकी सेना

**वॉशिंगटन** । इजरायल और ईरान को लेकर अमेरिका ने अपना राग अलापना शुरु कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को चेतावनी देते हुए कहा, अगर किसी भी रूप में, किसी भी तरीके से ईरान ने हमारे खिलाफ हमला किया तो, अमेरिका की सशस्त्र सेनाओं की पूरी ताकत और शक्ति तुम पर ऐसी गिरेगी जैसी पहले कभी नहीं देखी गई होगी।ट्रंप का यह बयान उस समय आया जब इजरायल ने शनिवार को तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय मुख्यालय को निशाना बनाया और ईरान के बुशहर प्रांत में स्थित साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़े एक नैचुरल गैस प्रोसेसिंग यूनिट पर हमला किया। बता दें कि ईरान के हमलों की शुरुआत शनिवार को हुई थी, जो रातभर और रविवार सुबह तक जारी रहे।

# इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा; 5 की मौत

## मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख का मुआवजा, घायलों का इलाज कराएगी सरकार

तरुणमित्र

**पुणे** । पिंपरी चिंचवाड़ में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। घटना के समय मौके पर भारी भीड़ थी और शुरुआती जानकारी के मुताबिक 20 से 25 लोग लापता हैं और उनके नदी में बहने की आशंका जताई जा रही है। आधिकारिक तौर पर इस घटना में पांच लोगों के मरने की पुष्टि की गयी है जबकि कई के बहने की आशंका जताई गई है। वहीं रेस्क्यू टीम ने पांच से छह लोगों को बचाया है। बताया जाता है कि यह दुर्घटना रविवार अपराह्न लगभग 3:40 बजे की है। जब पुल का एक हिस्सा टूटा, तो कुछ लोग नीचे मौजूद पत्थरों पर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहीं कई लोग सीधे नदी की तेज धारा में बह गए। नदी में बहाव काफी तेज होने के कारण राहत कार्य में भी दिक्कतें आ रही हैं। एनडीआरएफ का कहना है कि 38 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। स्थानीय विधायक सुनील शेलके ने कहा कि लोहे का यह पुल लगभग 30 साल पुराना था। हादसे के वक्त पुल पर करीब 100 लोग मौजूद थे। हालांकि कुछ लोग गिरने के बाद भी तैरकर किनारे आ गए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि एनडीआरएफ की टीम ने राहत बचाव का काम शुरू कर दिया है। हालांकि मौतों के बारे में बताना अभी जल्दबाजी होगा। उन्होंने कहा कि कई लोगों के नदी में बहने की आशंका है।






### केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में महाराष्ट्र के एक परिवार के तीन लोगों की मौत

**तरुणमित्र, मुंबई** । उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के बीच रविवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में महाराष्ट्र के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक दो साल की बच्ची भी है। तीनों यवतमाल जिले के वणी के निवासी थे। इस घटना की खबर मिलते ही यवतमाल में शोक पसर गया है। इस हादसे में पायलट समेत कुल सात लोगों की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार यवतमाल जिले के वणी में रहने वाले राजकुमार जायसवाल और उनकी पत्नी श्रद्धा अपनी दो साल की बच्ची काशी के साथ केदारनाथ जा रहे थे। आज सुबह करीब 5:20 बजे श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में पायलट समेत 6 यात्री (5 वयस्क और 1 बच्चा) सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि शव पूरी तरह जली हुई अवस्था में मिले। इसकी जानकारी मिलते ही वणी क्षेत्र शोकसंतप्त हो गया है।

### मथुरा में बड़ा हादसा : खुदाई के दौरान 6 मकान ढहे, 3 की मौत

एजेंसी, मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। मिट्टी के टीले पर बने छह कच्चे मकान अचानक भरभराकर गिर पड़े, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग मलबे में दबे हुए हैं। जानकारी अनुसार एक खुली जमीन (बाड़े) में जेसीबी से खुदाई का काम चल रहा था, तभी टीले की मिट्टी धंस गई और उस पर बने सभी मकान एक के बाद एक करके गिरते चले गए। इससे पहले एक मकान गिरने की खबर आई थी, जिसके कुछ देर बाद ही बताया गया कि छह मकान ढह गए हैं। घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला और कई मकानों के लोग मलबे में दब गए। ढहे मकानों के मलबे से अब तक तीन शव निकाले जा चुके हैं, जिनकी






पहचान, तोताराम (38), यशोदा (6 वर्ष) और काव्या (3 वर्ष) यशोदा की छोटी बहन के तौर पर हुई है। इसके अलावा चार लोगों को जीवित हालत में बाहर निकाला गया है, जबकि 10 से 12 लोगों के अभी भी मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस, दमकल विभाग, नगर निगम और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। बताया गया है कि जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटाया जा रहा है।

### देश में 7 हजार से अधिक हुए कोरोना के एक्टिव केस

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि रविवार को नया मामला सामने नहीं आया है। 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं। देश में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक 97 मरीजों की जान गई है। राजस्थान में शुक्रवार को कोरोना




के 34 नए मरीज मिले। उदयपुर के आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अटैच हॉस्पिटल में भर्ती 70 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला को सांस लेने में तकलीफ के कारण भर्ती कराया गया था। जांच में महिला की कोरोना रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इससे पहले जयपुर में पिछले महीने एक मरीज की मौत हुई थी।

### तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो पर बमबारी, ईरान के 7 राज्यों में डिफेंस सिस्टम एक्टिव

एजेंसी, तेहरान

ईरान और इजराइल की दो दिन की लड़ाई में अब तक 138 ईरानी मारे जा चुके हैं, जिनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल हैं। इसके अलावा 350 से ज्यादा घायल हैं। ईरान की राजधानी तेहरान समेत 7 राज्यों में एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया है। ईरान ने भी पलटवार करते हुए इजराइल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। हमले में इजराइल के 11 लोग मारे जा चुके हैं और 300 से ज्यादा घायल हैं। ईरान ने 3 इजराइली F-35 विमान गिराने का भी दावा किया है। शनिवार देर रात एक बार फिर से एक दूसरे



पर कई मिसाइलें दागी। दोनों देशों के बीच बीते 48 घंटे से संघर्ष जारी है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में मौजूद रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को हिट किया। इजराइल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया। ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। इजराइली ऑपरेशन में ईरान के 9 वैज्ञानिक, 20 से ज्यादा मिलिट्री कमांडर मारे गए। जबकि ईरान ने पलटवार किया, इसे ट्रू प्रॉमिस थ्री नाम दिया।

### केंद्र की मान्यता के बाद ठाणे मेट्रो की नींव रखे जाने के आसार ,1400 करोड़ रु मंजूर

तरुण मित्र, मुंबई

राज्य में शिंदे की सरकार बनने के बाद एकनाथ शिंदे द्वारा ठाणे शहर की अंतर्गत मेट्रो रेल शुरू किए जाने के प्रयासों के बाद केंद्र सरकार द्वारा इसे कानूनी मान्यता प्रदान करने के बाद प्रतीत होता है कि ठाणे मेट्रो रेल की अब जल्द ही बुनियाद रखी जाएगी। ठाणे के सांसद नरेश म्हस्के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयासों से ठाणे की निजी मेट्रो के लिए शुरुआत में ही 1400करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत की गई है।

उल्लेखनीय है कि शायद देश भर में ठाणे की अंतर्गत मेट्रो रेल एक एकमेव ऐसी जो सिर्फ ठाणे शहर जनता के आवागमन के लिए चलाई जा रही है। ठाणेकरों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने और उनका समय बचाने के लिए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रयासों से केंद्र और राज्य सरकार ने 'ठाणे इनर रिंग रेलवे मेट्रो'( अंतर्गत मेट्रो रेल) या सर्कुलर मेट्रो के कार्य को मंजूरी अन्ततः मिल पाई है। मेट्रो परियोजना के काम को गति देने के लिए सांसद नरेश म्हास्के ने मेट्रो परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठक की है। सांसद नरेश म्हस्के ने आज एक बयान में बताया कि बैठक में 'ठाणे इनर रिंग रेलवे मेट्रो' परियोजना को वर्ष 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



# भारत 2026 तक नक्सलवाद से पूरी तरह होगा मुक्तः अमित शाह

- योगी आदित्यनाथ को बताया प्रदेश का सबसे सफल मुख्यमंत्री
- मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया

एजेंसी, लखनऊ

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। पाकिस्तान के तीन आतंकी हमलों



का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को ध्वस्त कर दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री रविवार को लखनऊ में वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 60,244 नवचयनित पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित किये गये। अपने संबोधन में अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पारदर्शी और समावेशी भर्ती प्रक्रिया के लिए जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सबसे सफल मुख्यमंत्री हैं। योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। शाह ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इन नियुक्तियों में न खर्च, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ, बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर संपन्न हुई। अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश का सबसे बड़ा पुलिसबल है और आज 60,244 युवा इसके अभिन्न अंग बन रहे हैं। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। शाह ने बताया कि इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षित पदों का शत-प्रतिशत लाभ उत्तर प्रदेश में सुनिश्चित किया गया है, जो योगी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. पारीक सदस्य मंडल अध्यक्ष निर्वाचित राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ, जयपुर की कार्यकारिणी के चुनाव परिणाम घोषित

अमरपुरी गोस्वामी दादाई



**रानी।** अ खिल राजस्थान उपभोक्ता संगठन महासंघ, जयपुर की राज्य कार्यकारिणी के चुनाव परिणाम घो षित कर दिए गए हैं। इसमें अध्यक्ष समेत 27 पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। निर्वाचन अ धिकारी राकेश खंडेलवाल ने बताया कि नई कार्यकारिणी में पाली जिले के सामाजिक कार्यकर्ता व लंबे समय से उपभोक्ता आंदोलन से जुड़े डॉ. राजकमल पारीक को मंडल सदस्य अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वहीं, सोशल सर्विस सोसायटी- पाली की उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांता जोशी राज्य कार्यकारिणी सदस्य चुनी गई है।

### जल संग्रहण एवं जल संरक्षण पखवाड़े के तहत पीएम श्री बालिका विद्यालय में चार्ट प्रतियोगिता व शपथ आयोजित




दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**सादड़ी 14जून।** 5जून से शुरू हुए जल संग्रहण एवं जल संरक्षण पखवाड़े के तहत स्थानीय पीएम श्री श्री धनराज बदामिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सादड़ी में प्रधानाचार्य विजय सिंह माली व समाजसेवी हिम्मत परिहार व भंवर लाल घांची के सानिध्य में चार्ट निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा सभी ने जल संग्रहण व संरक्षण की शपथ ली। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक सरस्वती पालीवाल ने बताया कि समाजसेवी हिम्मत परिहार व भंवर लाल घांची का प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने साफा व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया तथा 5जून से शुरू हुए जल संग्रहण व जल संरक्षण पखवाड़े की जानकारी दी। तत्पश्चात सरस्वती पालीवाल के निर्देशन में हुई चार्ट निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय रही रितिका त्रिपास व हर्षा ने चार्ट का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने दोनों बालिकाओं के चार्टों को सराहा ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय सिंह माली ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला तथा जल की बचत करने का आह्वान किया।अंत में सभी ने जल संग्रहण व जल संरक्षण की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि जलसंग्रहण व जलसंरक्षण पखवाड़े का समापन 20जून को होगा।इस अवसर पर प्रथम द्वितीय रहने वाली बालिकाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### अतिथि सत्कार की परंपरा देखकर बहुत खुश हुए नई दिल्ली के उद्योगपति डॉ. एच एस रावत से शिष्टाचार कर मुलाकात की - डॉक्टर महेश सोनी



दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**नई दिल्ली** - सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व चमकते हुए सितारे व स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी एक दिन की देश की राजधानी नई दिल्ली यात्रा के दौरान देश की राजधानी नई दिल्ली में एक निजी सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिथि सत्कार की परंपरा देखकर बहुत खुश हुए नई दिल्ली के उघोगपति डॉ. एच एस रावत से शिष्टाचार कर मुलाकात करते हुए समाजसेवी डॉक्टर महेश सोनी सोजत सिटी जिला पाली राजस्थान ने नई दिल्ली के उद्योगपति डॉ.एच एस रावत से कुछ विषयों पर चर्चा भी की गई। एवं नई दिल्ली के उद्योगपति डॉ. एच एस रावत ने कहा कि समाजसेवी डॉक्टर महेश सोनी हर समय समाज सेवा में सक्रिय रहते हैं व सोजत मेहंदी नगरी के युवा रत्न व राजस्थान इंडियन स्टार डॉक्टर महेश सोनी ने अपना जीवन भी समाज सेवा में समर्पित कर दिया व डॉक्टर महेश सोनी एक सरल स्वभाव के व्यक्ति हैं आप हमेशा समाज सेवा में भी आगे रहते हैं। व डॉक्टर महेश सोनी ने कहां कि नई दिल्ली के उद्योगपति डॉ. एच एस रावत से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# प्रकाश गहलोत फालना बने श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज गोडवाड विकास समिति के अध्यक्ष

### आशापुरा नाडोल में आज होगे गोडवाड मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज के अध्यक्ष पद के लिए समाज की और से नियुक्त चुनाव कमेटी के सदस्यों ने करवाएं निष्पक्ष चुनाव

कर्मपालसिंह सवाली



**पाली, राजस्थान।** श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज विकास समिति गोडवाड के अध्यक्ष पद पर आज रविवार को आशापुरा माताजी मंदिर परिसर में समाज द्वारा चयनित की गई चुनाव कमेटी की और से अध्यक्ष पद पर चुनाव की प्रक्रिया सुबह 10 बजें शुरू की गई दोपहर तक दूर दूर से गोडवाड क्षेत्र के समाज बंधुओं व अहमदाबाद,सूरत, बम्बई व पूना से भी प्रवासी मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज बंधु आशापुरा माताजी मंदिर परिसर नाडोल पहुंचकर मतदान किया। चुनाव कमेटी द्वारा शांतिमय तरिके से चुनाव करवाने कों लेकर सभी तैयारिया कर रखी थी। चुनाव प्रक्रिया सुबह 10:00 बजे से 2 बजे तक चलती रही और 3 बजे बाद सभी प्रत्याशियों की मौजूदगी में मतगणना शुरू हुई मतगणना में प्रकाश गहलोत फालना कों सबसे अधिक 335 वोट मिले, हरीश मेवाड़ा मुंडारा कों 262, छगनलाल नाडोल 145, बाबुलाल मेवाड़ा दादाई कों 19 सुरेश मेवाड़ा चाचोडी कों 22 वोट मिले। आशापुरा माताजी मंदिर परिसर नाडोल में दिन भर मेवाड़ा समाज बंधुओं का लगा रहा मेला- श्री मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज विकास समिति गोडवाड क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर होने वाले चुनाव को लेकर रविवार अल सुबह से समाज बंधुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था दोपहर 12 बजे तक एक मैले में परिवर्तन हो गया। इधर मतदान केंद्र के द्वार खुलते ही प्रकाश गहलोत फालना को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित करते ही उपस्थित समाज बंधुओं ने ने आशापुरा माताजी के जैकारे लगाते हुए गहलोत को अपने कंधों पर उठा लिया और ज़ोरदार आतिशबाजी, बैण्ड बाजों व ढोल धमाकों के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए उन्हें फालना निवास स्थान पर लेकर गये। गोड़वाड़ मेवाड़ा कलाल समाज ने एक अनूठी पहल और परिपाटी पारदर्शिता अपनाते हुए लोकतांत्रिक एवं संपूर्ण समाज के समक्ष अनुकरणीय उदाहरण पेश किया हैं,इस प्रकार की शुरुआत करते हुए जो विजयश्री का चेहरा प्रकाश गहलोत फालना वाले के सिर एवं नाम पर मोहर लगाई है जिस तरीके से सभी प्रत्याशी और मतदाता मिलकर एक नए व्यक्तित्व को चुना हैं वह अति प्रशंसनीय हैं। प्रकाश गेहलोत फालना ने बताया कि गोड़वाड़ समाज के सभी समाज बंधुओ को साथ लेकर संस्था हित एवं सामाजिक विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

## हैप्पी फादर्स डे सब कुछ बदला नहीं बदले तो मेरी पीढ़ी के संस्कार

मधुप्रकाश लड्ढा, राजसमंद।



हैप्पी फादर्स डे... !! शब्द अंग्रेजी के लेकिन हिंदी की तरह दिल को उस समय छू गए जब घर में घुसते ही बेटे - बेटियों ने अचानक से एक प्यारा और खुशबूदार उपहार हाथ पर रखते हुए बदन से लिपट गए। लेकिन बाप हूं न! तो उनके सामने अपने आंखे भी गीली न कर सका। बेटे - बेटी नए जमाने के हैं लेकिन में बाप तो अपने पिता के जमाने का ही हूं। मुझे याद है मेरा वो बचपन .. जब पिता से लिपटना तो दूर बिना बात उनके पास भी नहीं फटक सकते थे। वो जमाना अलग था, जहां न एक दिन के लिए फादर्स डे होता था न मदर्स डे। वहां तो हर दिन फादर और मदर का दिन ही होता था। कितने खूबसूरत दिन थे..

न दुनियां का ग़म था
न रिश्तों के बंधन
बड़ी खूबसूरत थी
वो जिंदगानी

ऐसा नहीं कि वो हमे प्यार नहीं करते थे, प्यार तो खूब करते थे। आज के पिता से भी ज्यादा लेकिन अनुशासन की रस्सी भी साथ रखते थे। अप्रत्याशित रूप से कभी - कभी बांध भी देते थे।

लेकिन मजाल जो दिल के किसी कोने से उनके लिए कोई शिकायत तो निकल जाए। काशः वो आज पास होते तो देखते की जमाना कितना बदल गया है। प्रगति और भौतिक सुख की चाह ने रिश्तों को भी दिनों में बांट दिया है। वो जमाना हवा हो गया जब मां - बाप ही जिंदगी का सर्वस्व हुआ करते थे। मुझे तो याद नहीं कि उनके बिना मेरा कोई सपना भी था। मेरे सपने सिर्फ उनकी जिंदगी के इर्द गिर्द ही घुमा करते थे। न कुछ बनने की इच्छा न कुछ पाने के चाहत। जैसा उन्होंने चाहा वही जिंदगी का उद्देश्य बन गया। जिंदगी का एक मात्र लक्ष्य यही था कि मेरी वजह से कभी उनकी आंख से आंसू न टपके और इस लक्ष्य को पाने में कोई कसर भी नहीं छोड़ी। आज वो इस संसार मे नहीं है लेकिन उनकी स्मृतियां दिन रात आंखों के सामने घूमती है। हर वस्तु के मायने बदल गए, पैमाने बदल गए लेकिन नहीं बदले हैं तो मेरी पीढ़ी के दस्तूर, मेरी पीढ़ी के संस्कार.. वो आज भी अनवरत है और अनंत में विलीन होने तक साथ ही रहेंगे।

## आना गांव में धार्मिक आयोजन,महामंडलेश्वर करुणाकरण दास महाराज ने समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया

कार्यकारी सम्पादक
कर्मपालसिंह सवाली



**पाली,राजस्थान।** देसूरी उपखंड क्षेत्र के आना गांव में पुष्कर प्रसादी का धार्मिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर करुणाकरण दास महाराज का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। भादरास पादरा खेड़ा हनुमान मंदिर से दशरथ दास महाराज उपस्थित रहे। घाणेराव हनुमान मंदिर से दिवीदास, करनवा महादेव मंदिर से मोंगा महाराज और रानी चारभुजा मंदिर से मनोहर दास सहित अन्य संत भी मौजूद थे। डूंगाराम, खुमाराम, विरमाराम, नवाराम और दिलीप गेनोबा परिवार ने संतों का पुष्प हार, शाल और श्रीफल से स्वागत किया। इसके बाद संतों की उपस्थिति में महाप्रसाद वितरण किया गया। अखिल भारतीय जणवा चौधरी समाज के अध्यक्ष चंपालाल चौधरी ने बताया कि यह आयोजन उनके दादा-दादी की याद में किया गया। महामंडलेश्वर करुणाकरण दास महाराज ने समाज को नशामुक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में कुरीतियों को दूर करने के लिए सभी को संकल्प लेना होगा। धार्मिक आयोजनों से समाज में धर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्रम में उप जिलाप्रमुख जगदीश चौधरी मुंडारा, 22 गांव के अध्यक्ष मांगीलाल निप्पल और बाली विधानसभा प्रत्याशी रतन जणवा मौजूद रहे। आना ग्राम पंचायत के सरपंच रमेश जणवा, एडवोकेट विजयराज चौधरी, एडवोकेट नेकाराम चौधरी, सुजाराम चौधरी,उदाराम मुणडारा,सुरेन्द्र सिंह घाणेराव,बाबू सिंह देसूरी,कास्टेबल रामचंद्र विश्नोई,Asi मूलाराम मीना, सुरेश विश्नोई आदी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## श्रीमती इंदिरा कंवर पाली जिला अध्यक्ष को श्री वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया गया

कर्मपालसिंह सवाली



**पाली राजस्थान।** राजपूत सर्वोत्तम सहयोग संस्थान एवं दहेज विरोधी क्षत्रिय संघ की तरफ से ओम ज्ञान गंगा मिशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ को श्री वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह जयपुर में आयोजित किया गया था, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़ एवं संस्था के संस्थापक महेंद्र सिंह जाखली ने उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती इंदिरा कंवर राठौड़ के कार्यों और समाज में उनके योगदान की सराहना की गई। यह पुरस्कार उन्हें समाज सेवा और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए दिया गया है। श्रीमती इंदिरा कंवर ने सर्व समाज बंधुओ का बहुत बहुत आभार प्रकट किया एवं कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं की मुझे समाज के लिए कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं सदैव समाज के लिए अपनी सेवाएं देने में पीछे नहीं रहुंगी।

# शहर में कुत्तों का खौफ, एक व्यक्ति हुआ इन कुत्तों का शिकार

तरसेम सिंह फरंड



मानसा (तरसेम सिंह फरंड) वर्तमान समय में लोग इंसानों से ज्यादा कुत्तों से प्यार करने लगे हैं। जो लोग कुत्तों को पालने का काम करते हैं, वे अपने घर में रहने वाले ऊतना खिआल बुजुर्गों का ख्याल नहीं रखते जितना कुत्तों का रखते हैं और जब ये लोग इन कुत्तों को सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं, तो वही कुत्ते आम शहरी नागरिकों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसी कई घटनाएं घटित हुई हैं जिनकी बदोलत व्यक्ति को मौत के कगार पर पहुंचा देती हैं। बड़े घरों के बिगड़े हुए लोगों में कुत्ते पालने का शौक पैदा हो गया है, जो, कब कौन जाने, किसी की मौत का कारण बन जाए। हाल ही में शहर के टिवाना स्ट्रीट में भी ऐसी ही घटना घटी। स्वर्गीय जसवंत सिंह का पुत्र भूपिंदर सिंह अपने काम से गली से गुजर रहा था और परिवार के सदस्यों ने अपने कुत्तों को खुला छोड़ दिया था, जिन्होंने भूपिंदर सिंह पर हमला कर दिया और उसे घायल कर दिया। उनका इलाज मानसा के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। जिस संबंधी भूपिंदर सिंह ने सारी सूचना थाना सिटी टू मानसा में दर्ज कराई थी। इस संबंध में पुलिस कर्मी जांच करने कुत्ते के मालिक के घर गए। आज हर महीने की शुरूआत होने के कारण भूपिंदर सिंह गुरुद्वारा साहिब कोट धर्म में थे, तभी भूपिंदर सिंह के फोन पर एक कुत्ते पालने वाले व्यक्ति का फोन आया, जिसमें कुत्ते का मालिक खुलेआम उनके घर आकर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। भूपिंदर सिंह ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिन घरों में इन कुत्तों को रखा गया है और जो अभी भी उन्हें धमका रहे हैं, उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। भूपिंदर सिंह ने यह भी मांग की है कि लोगों को हर समय सड़कों पर झुंड में घूमने वाले कुत्तों के हमलों से बचाया जाए। यहां यह उल्लेखनीय है कि शहर में सड़कों पर घूमने वाले सभी आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय नगर पालिका को व्यवस्था करनी है, लेकिन यहां की नगर पालिका अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर लापरवाही की नींद सो रही है, जिसके कारण आम जनता इन कुत्तों का शिकार हो रही है और मर रही है।

## धन की गति दान से, मेघराज सर तालाब के जल संरक्षण अभियान में जुटे ग्रामीण,किसी ने ट्रेक्टर,तो किसी ने जेसीबी उपलब्ध करवाई




बाप,फलोदी अखेराज।

बाप उपखंड मुख्यालय पर स्थित ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब की मिट्टी खुदाई, जल संरक्षण कार्य पिछले दो दिन से लगातार जारी है।पूर्व उप प्रधान जगदीश कुलधर पालीवाल,घनश्याम हरजाल,अमृत लाल छतानी ने बताया कि आसपास के 20 गांव की हल्क तर करने वाले तलाब का पानी सुख रहा है।ग्रामीणों के सहयोग से एकादशी, अमावस्या,पूर्णिमा को नगरपालिका बाप अध्यक्षा लीला देवी जगदीश पालीवाल की अपील से लोगो ने मिट्टी निकालने का पुण्य कार्य किया।अमृत लाल छतानी ने बताया कि दो जेसीबी मशीन से 10. से अधिक टैक्टर मालिकों ने जल संरक्षण के पुनीत कार्य में सहयोग किया।बाप तलाब का केचमेंट एरिया करीब चार सो बीघा है।नगरपालिका बाप ने बबूल झाड़ियों को कटाकर पानी की आवक के रास्ते साफ किए करवाए। वहीं शुक्र वार,रविवार की ग्रामीणों ने जनसहयोग से करीब 400 ट्रॉली से अधिक मिट्टी निकालकर जल भराव बढ़ाने का पुनीत कार्य किया। घनश्याम हरजाल ने बताया तलाब का बरसाती पानी बहुत ही मीठा व आयुर्वेद हैं। तलाब की नगरपालिका के साथ ग्रामीणों द्वारा साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।इस तलाब पर शिकार वर्जित है।तलाब में नहाना भी प्रतिबंधित है इसलिए यह पानी हर समय साफ रहता है। इस पानी का इस समय गर्मी में आसपास के ढाणियों,गावो में टैंकर द्वारा परिवहन किया जाकर मनुष्यों के साथ पशुओं की प्यास बुझाई जा रही है।प्रतिदिन करीब 150 से 200 टैंकर पानी परिवहन कर ले जाया जा रहा है।पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल ने कहा कि पालीवाल जाती के लोग जहां भी बसे उन्होंने पहले पानी का साधन तलाब, कुआं,बावड़ी का निर्माण करवाया।बाप के आसपास 8,9 तलाब है जिनका निर्माण पालीवाल परिवारों ने किया।बाप के तलाब को 550 वर्ष पूर्व पूनध मेघराज जी पालीवाल ने करवाया।क्षेत्र का सबसे बड़ा तलाब हैं।पालीवाल ने जनता जनार्दन का खुदाई, मिट्टी निकालने में सहयोग किया उनका आभार व्यक्त किया। ग्राविस संस्था बाप ने दो दिन जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाई,उनका आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि धन की गति दान से होती हैं।हर परिवार को जल संचय के जल स्त्रोतों में धन लगाकर पुण्य कमाना चाहिए।तालाबों में हजारों जीव ,जंतु पानी पीकर तृप्त होते हैं।उनका आशीर्वाद हमें मिलता है।इस समय तलाब सौंदर्यकरण का कार्य भी चल रहा है। आने वाले दिनों में बाप का ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब जिले का मॉडल तलाब होगा। इन्होंने दी सेवा, भंवरलाल छतानि, भुराराम पंवार,मोहनलाल, नखता राम मेगवाल, जुगताराम कुमावत, तेजाराम पुनम चंद हरजाल,श्रीनारायण,मांगीलाल, नेनु राम,ज्ञानचंद,सत्यनारायण आदि।

# कोठार पंचायत मे नालीया सही नहीं होने से कीचड़ में तब्दील हुआ बिच रास्ते मे





दैनिक तरुणमित्र ब्यूरो

**बाली, राजस्थान।** उपखण्ड बाली क्षेत्र में कोठार पंचायत नालियों सुविधा से वंचित हैं कही बार अवगत करवाया गया बरसात के दिनों में आमजन कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं वहीं बच्चों को भी स्कूल आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसके चलते स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों व आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है गली मोहल्ले में नालियां न बनी होने के कारण अर्से से गंदा पानी सड़क पर भर रहा है वर्षा होने से पहले ये हालात और वर्षा होने के बाद ज्यादा खराब हो जाते हैं मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है इस समय सड़क पर जलभराव रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मोहल्लेवासीं का कहना है कि समस्या को लेकर पहले कई बार संबंधित सरपंच विकास अधिकारी, से कही बार बोला गया ,लेकिन कोई सुनवाई नहीं लोगों का कहना है कि गांव के चौक में जाने के लिए भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है मोहल्ले में दवा का छिड़काव न होने से मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है वर्तमान में कई सड़क,पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं पंचायत के वार्ड 7,3, में जहां जगह-जगह पर खाली पड़ी जगह पर पानी भरा होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है इस प्रकार कई रहवासी क्षेत्रो में देखी जा सकती है इस कारण उनके आसपास रहने वाले लोगों की मुश्किले बड़ जाती है वहीं मच्छरों का प्रकोप बड़ गया है और बिमारियां भी फैल रही है मरिजों की संख्या भी स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बड़ रही है पंचायत द्वारा साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, दवाई का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है कोठार पंचायत के वार्ड 7, 3, के निवासियों द्वारा के वार्ड में रोड़ निर्माण व पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराने की मांग कई बार की गई, परन्तु पंचायत द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसका खामियाजा वर्षा के मौसम में स्कूली बच्चों व मोहल्लेवासियों को भुगतना पड़ रहा है

# वरहालदेवी तालाब के विसर्जन घाटों से कीचड़ हटाने की शुरुआत

## तालाब के संरक्षण के लिए नागरिकों की भागीदारी जरूरी मनपा का आव्हान

तरुणमित्र / ब्यूरो

**भिवंडी** : भिवंडी शहर को जलापूर्ति करने वाला एकमात्र वरहाल तालाब अब जल प्रदूषण की गाद में फंसा हुआ है। हाल के दिनों में पानी से दुर्गंध आने की शिकायतें बढ़ने के बाद, जलपुरवठा विभाग ने वरहाल देवी घाट, कामतघर घाट और फेनेगांव विसर्जन घाटों से गाद निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया है। शहर के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाले वरहाल देवी मंदिर के पास स्थित इस तालाब से प्रतिदिन 5 एमएलटी पानी शहर को सप्लाई किया जाता है। कभी 56 एकड़ में फैला यह तालाब अब अतिक्रमण के कारण 52 एकड़ तक सिमट गया है। पिछले कुछ वर्षों में गणेश, दुर्गा मूर्ति और बतकम्मा विसर्जन की संख्या बढ़ने से तीनों घाटों पर प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। कई बार तालाब की सतह पर हरी परत और बदबू आम बात हो गई है। कामतघर, टाडाली, पद्मानगर, मानसरोवर इलाकों का निर्माल्य सीधे तालाब में फेंका जा रहा है। वहीं, निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते मानसरोवर-फेने पाड़ा इलाके की नालियां सीधे तालाब से जुड़ गई हैं। आसपास की महिलाएं कपड़े धोने और कुछ लोग गाड़ियां धोने के लिए तालाब का इस्तेमाल करते हैं, जिससे जलप्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। दुर्भाग्यवश, तालाब के प्रदूषण को रोकने के लिए पालिका प्रशासन ने कभी भी गंभीरता नहीं दिखाई। आज तक तालाब परिसर में कोई सुरक्षा रक्षक नियुक्त नहीं किया गया। यहां लगाए गए लोहे के सूचना बोर्ड भी चुरा लिए गए हैं। बढ़ती शिकायतों के बाद अब जल आपूर्ति विभाग तीनों घाटों से गाद निकालने की प्रक्रिया में जुटा है।





**तालाब संरक्षण के लिए नागरिकों की पहल जरूरी** : तालाब में होने वाला अधिकांश प्रदूषण किसी विभाग की नहीं, बल्कि नागरिकों की लापरवाही का परिणाम है। रात के अंधेरे में यहां बचे हुए खाने और अन्य अपशिष्ट पदार्थ भी फेंके जाते हैं। अनेक लोग निर्माल्य भी सीधे तालाब में विसर्जित कर देते हैं। इस तालाब की सुरक्षा और स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल जल आपूर्ति विभाग की नहीं, बल्कि स्वच्छता विभाग और निर्माण विभाग की भी है। निर्माण विभाग को तुरंत उन नालियों को बंद करना चाहिए जो तालाब से जुड़ी हैं। स्थानीय नागरिक मानसी राजे का कहना है कि समाज के रूप में हम सभी की यह जिम्मेदारी है कि इस तालाब का संरक्षण करें। धोबी तालाब पर खेल मैदान बनाए जाने और नागांव, काप तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाने के बाद वरहाल तालाब ही एकमात्र प्रमुख जलस्रोत और पर्यटन स्थल बचा है। इसलिए इसका रक्षण अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को अब आगे आकर इसकी सुरक्षा और संरक्षण के लिए योगदान देना चाहिए।

# विदेशी दबाव में सोयाबीन और सोया तेल भारी तेजीः सुरेश भाई ठक्कर

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे**। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उपाध्यक्ष एवं ठाणे जिला होलसेल व्यापारी वेलफेयर महासंघ के अध्यक्ष सुरेश भाई ठक्कर ने कहा सोयाबीन और सोया तेल के बाजार को काफी प्रभावित कर सकती हैं। एक ओर अमेरिका से बायोडीजल जनादेश से जुड़ी खबरें आई, वहीं दूसरी ओर भारत में सोयाबीन की क्रशिंग और स्टॉक से जुड़ी ताज़ा रिपोर्ट SOPA द्वारा जारी की गई। पहली खबर अमेरिका से आई है, जहां EPA (एनवायरनमेंटल प्रोटेक्शन एजेंसी) के बायोडीजल जनादेश को लेकर चर्चा है कि वह 5.61 बिलियन गैलन का प्रस्ताव रख सकता है। यह व्यापारियों की उम्मीद (4.65-5.25 बिलियन गैलन) से कहीं ज्यादा है। इसी खबर के बाद सीबीओटी सोया तेल में अपर सर्किट लग गया और कीमतें तेज़ी से बढ़ीं। अगर यह रिपोर्ट सही निकलती है, तो आने वाले दिनों में भारत में सोया तेल के दाम 5-6 प्रति किलो तक बढ़ सकते हैं। इससे बाकी खाद्य तेलों में भी तेज़ी आ सकती है। अब बात करें भारत की SOPA की मई तक की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2024 से मई 2025 तक कुल 83.5 लाख टन सोयाबीन मंडियों में आया, जिसमें से 79 लाख टन क्रशिंग के लिए गया। बाकी का 3.85 लाख टन सीधे उपयोग में आया और 9 हजार टन का निर्यात हुआ। इसके बाद भी 22.84 लाख टन का पुराना स्टॉक बचा हुआ है। तुलना करें तो पिछले साल इसी समय 89.5 लाख टन सप्लाई हुई थी और 86.5 लाख टन क्रशिंग में गई थी।2024-25 सीजन में कुल उपलब्धता 135 लाख टन मानी जा रही है, जिसमें से 125.82 लाख टन उत्पादन, 8.94 लाख टन पिछला स्टॉक और 25 लाख टन आयात शामिल हैं। जबकि 2023-24 में ये आंकड़ा 149.06 लाख टन था। इसका मतलब इस बार कुल उपलब्धता थोड़ी कम है। सोया डीओसी (डिओयल्ड केक) की बात करें तो इसका उत्पादन भी घटकर 62.34 लाख टन रह गया है, जो पिछले साल 68.26 लाख टन था। साथ ही, सोया डीओसी का निर्यात भी घटा है पिछले साल के मुकाबले 1.78 लाख टन कम। हालांकि, इसके फूड यूज़ और बीज उपयोग में मामूली बढ़त देखी गई है। कुल मिलाकर देखें तो विदेशी दबाव के कारण सोया तेल में तेज़ी की उम्मीद बन गई है, वहीं घरेलू स्तर पर स्टॉक थोड़ा कम है और क्रशिंग भी सुस्त हो गई है। ऐसे में बाजार में आने वाले दिनों में सोयाबीन और सोया तेल दोनों में तेज़ी देखी जा सकती है। सलाह है कि इस खबर पर नज़र रखें और आगामी खरीद-बिक्री निर्णय सोच- समझकर लें।

# प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स एवं खुदरा व्यापार नीति परस्पर जुड़े होने से संबंद्ध कर जारी करने की तैयारी में सरकार

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे**। कॉन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने बताया कई समय से खुदरा व्यापारी जिसका इंतजार कर रहे हैं वह ई-कॉमर्स पॉलिसी पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि "प्रस्तावित राष्ट्रीय ई-कॉमर्स और खुदरा व्यापार नीतियों पर चर्चा जारी है क्योंकि दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि ई-कॉमर्स क्षेत्र एक उभरता हुआ और तेजी से बदलता हुआ विषय है '' इसलिए हमने कुछ विचार सामने रखे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि "इसे और अधिक समसामयिक बनाने के लिए हमें नीति में संशोधन करना होगा जिस पर चर्चा जारी है। मंत्री ने कहा कि खुदरा व्यापार नीति पर भी चर्चा जारी है, क्योंकि ये दोनों एक-दूसरे से परस्पर जुड़ी हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड एवं संगठनों से से राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति तैयार करने के लिए सुझाव देने को कहा है। खुदरा व्यापार को सुव्यवस्थित करने तथा खुदरा व्यापार क्षेत्र के सभी स्वरूपों के सामंजस्यपूर्ण तरीके से विकास के लिए खुदरा व्यापार नीति का मसौदा 2021 में तैयार किया गया था। इसका उद्देश्य व्यापार सुगमता बढ़ाना, किफायती ऋण तक आसान एवं त्वरित पहुंच सुनिश्चित करना और खुदरा व्यापार के आधुनिकीकरण व डिजिटलीकरण को सुगम बनाना है। शंकर ठक्कर ने आगे कहा सरकार द्वारा इन दोनों गंभीर विषयों पर तुरंत फैसला लेना चाहिए जिससे अनैतिक तौर तरीके अपना कर व्यापार कर रही ई कॉमर्स कंपनियों पर नकेल कसी जाए एवं भारत के परंपरागत खुदरा व्यापार को बचाया जा सके।



# पुलिस हिरासत से फरार आरोपित गिरफ्तार

**तरुणमित्र, नई दिल्ली** । दक्षिण पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने पुलिस हिरासत से फरार आरोपित मेहरबान को एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

दक्षिण पूर्वी जिला डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि अमर कॉलोनी थाना पुलिस ने 11 जून को लूट का मामला दर्ज किया था। जिसमें तीन अज्ञात बदमाशों ने नवीन गिरी नामक युवक से 1000 लूट लिए थे। एक नाबालिग को मौके पर ही पकड़ लिया गया था, जिसने अपने दो साथियों मेहरबान और शिवम (दोनों निवासी ओखला मंडी) के नाम उजागर किए थे। डीसीपी के अनुसार 12 जून को मेहरबान को एक बटनदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया था और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। 13 जून को लूट के मामले में एक दिन की पुलिस रिमांड पर लाया गया।

# केईएफसी ठाणे एलिट प्रीमियम लीग 2024-25 की बनी विजेता

तरुणमित्र/ब्यूरो

**नवी मुंबई**। कल्याण की केईएफसी (कल्याण ईस्ट फुटबॉल क्लब) ठाणे एलिट प्रीमियर लीग २०२४-२५ में शानदार प्रदर्शन कर विजेता रही. हाल ही में वीफा के अंतर्गत ठाणे फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा नवी मुंबई के वाशी स्थित एनएमएसए स्पोर्ट्स क्लब के सभागृह में एक अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें विजेता टीम केईएफसी को ट्रॉफी व पदक देखकर सम्मानित किया गया. 15 वर्षों के बाद क्लब ने यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है. ज्ञात हो कि उक्त केईएफसी ने कुल 10 मैच खेले. टीम ने पहले मैच में ही गत विजेता एनएमएसए को हराकर 1-0 से हराकर लीग की दमदार शुरुआत की. सबसे विशेष यह रहा कि पूरे टूर्नामेंट में केईफसी अपराजित रही. टीम के 9 खिलाड़ियों ने पूरे लीग में 25 गोल किए और अपराजित टीमें सिर्फ 4 ही गोल कर पाई। एकजुटता व बौद्धिक गहराई से प्रदर्शन के कारण मिली सफलता पूरे लीग में हर्ष प्रधान व कीर्ति मोहन ने सर्वाधिक 7-7 गोल किए. समारोह में टीम के मुख्य प्रशिक्षक विपिन एलेक्जेंडर को भी सम्मानित किया गया. इस दौरान उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं बल्कि उन लोगों की भी है जिन्होंने क्लब को आगे बढ़ाने में तन- मन व धन से साथ दिया।



उन्होंने अकादमी के सभी स्पोर्ट्स स्टाफ, खिलाड़ियों व उनके परिवारजनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया जिन्होंने क्लब के प्रति अपना विश्वास जताया है।

# पितृ दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

तरुणमित्र / ब्यूरो

**ठाणे**। ठाणे शहर की सुविख्यात सामाजिक संस्था श्रीराम संस्कार सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पितृ दिवस के उपलक्ष्य में रविवार, 15 जून को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घोड़बंदर रोड, वाघबिल परिसर स्थित वन परिसर में 66 पेड़ पौधे लगाए गए।

इस पुनीत कार्य में संस्था अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर, दीनानाथ गुप्ता, नवनाथ राऊत, रमेश शर्मा, अमर गिरी, केतन भाटिया, शिवनाथ गुप्ता, प्रशांत सिंह, जगदीश गुणत्रा, शरद शुक्ल, योगेश खैरनार, अवनीश सिंह, सुधाकर उदावंत, अर्चना आघाव, ऋतु भट्ट, संजय शिंदे, प्रमोद पाटील, विजय आदि शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इसी संस्था के माध्यम से 8 जून को इसी परिसर में 63 पेड़ पौधों का रोपण किया गया था। संस्था के अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर ने बताया कि मानसून के दौरान प्रतिवर्ष वृक्षारोपण का कार्यक्रम संस्था द्वारा आयोजित किया जाता रहा है। संस्था से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें बढ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए पेड़, पौधे लगाना हर एक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। स्वच्छ पर्यावरण से ही स्वस्थ्य और सुरक्षित जीवन की उम्मीद व कामना की जा सकती है। उन्होंने सभी नागरिकों से मानसून के दौरान अपने आसपास खुली जगहों पर पेड़ पौधे लगाने की अपील की है।



# गंभीर अपराधों में बिना सोचे-समझे न दें गिरफ्तारी पूर्व जमानत, सुप्रीम कोर्ट

तरुणमित्र / पिंकी राजगुरु

**पुणे** : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गंभीर अपराधों के मामलों में गिरफ्तारी पूर्व जमानत को बिना सोचे-समझे नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की तीन जजों की पीठ ने यह टिप्पणी बिहार के एक हत्या के मामले में चार आरोपियों को दी गई गिरफ्तारी पूर्व जमानत रद्द करते हुए की।मामले में कोर्ट ने कहा कि एफआईआर और अन्य दस्तावेजों के अनुसार, शिकायतकर्ता के पिता की उसके सामने ही लोहे की रॉड और डंडों से पिटाई की गई थी, जिससे उसकी उसी दिन मौत हो गई। यह विवाद रास्ते में रुकावट को लेकर हुआ था। एफआईआर में आरोपियों की भूमिका साफ तौर पर बताई गई है और कहा गया है कि मृतक के जमीन पर गिरने के बाद भी उन पर हमला जारी रखा गया था।कोर्ट ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता और आरोपों की प्रकृति को समझने में चूक की है।




अब सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी व्यक्तियों को आठ हफ्तों के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। यह आदेश मृतक के बेटे द्वारा दायर याचिका पर दिया गया है, जिसमें आरोपियों को दी गई गिरफ्तारी पूर्व जमानत को चुनौती दी गई थी।पीठ ने 1 मई को दिए गए आदेश में कहा, 'पटना हाईकोर्ट का आदेश बिना किसी ठोस वजह के दिया गया है, जिसमें आईपीसी की धारा 302 (हत्या) और 307 (हत्या की कोशिश) जैसे गंभीर आरोप लगे हैं।' सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा, 'यह आदेश संक्षिप्त और न्यायिक विश्लेषण से रहित है। ऐसे गंभीर मामलों में इस तरह से स्वचालित रूप से जमानत नहीं दी जा सकती। यह आदेश रद्द किया जाना चाहिए।

# बारिश में करंट लगने से दर्दनाक हादसा, दो की मौत

तरुणमित्र

**नई दिल्ली** । दक्षिण पश्चिम जिले के आरके पुरम इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें दो लोगों की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह हादसा आज सुबह करीब 4:30 बजे आरके. पुरम सेक्टर-1 के विवेकानंद मार्ग स्थित फायर स्टेशन के पास हुआ। पुलिस को पीसीआर कॉल मिली कि एक पेड़ गिर गया है और दो लोगों को करंट लग गया है। सूचना मिलते ही थाना आरके. पुरम के एसएचओ रविन्द्र त्यागी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर मौजूद कॉलर सुनील (45 ) ने पुलिस को बताया कि उसके दो कर्मचारी रविंद्र (30) और भरत (25) की मौत हो गई है। दोनों मधुबनी बिहार के रहने वाले थे। यह दोनों रोज की तरह ढाबे के बाहर रात को सो रहे थे। नजफगढ़ निवासी सुनील का विवेकानंद मार्ग पर एक एमसीडी के खोखे में ढाबा है। पुलिस के अनुसार रात की तेज बारिश और तूफान के कारण एक पेड़ ढाबे पर गिर गया। जिससे बिजली की तार टूट गई और ढाबे के पास करंट फैल गया। दोनों कर्मचारी और एक आवारा कुत्ता करंट की चपेट में आ गए और बेहोश हो गए।

भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका
भिवंडी (ठाणे)

## भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी

## हिवताप प्रतिरोध महिना जुन 2025

**जनता को ऐलान**

**आई ये सर्दी-बुखार खत्म करे, पुनः योगदान दे, पुनर्विचार करे, पुनःसक्रीय हो.**

**मलेरीया बिमारी से बचाव कैसे करे**

मलेरीया बिमारी ॲनाफिलीस मच्छर नामके मादी काटने से होती है। इन मच्छरोंकी उत्पत्ती स्वच्छ जमा किये पानी मे होती है। उदा. नाला, नदी, पानी की टक्कीयों, इमारतों के निचले हिस्से में जमा पानी, गच्ची या छत के उपर की स्वच्छ पानी की खुली हुई टंक्कीयों, खेती इ. जगह.

**लक्षण**

1) थंडीके साथ बुखार आना।
2) लगातार या एक दिन छोडकर बुखार आना।
3) त्वचा सुकड़ जाना।
4) बुखार आने पर उल्टी, मतली, सर में दर्द होना।

**फैलाव**

1) मादा ॲनाफिलीस (मच्छर के काटने से इस रोग का फैलाव होता है।
2) मलेरीया के किटाणू अगर मच्छर मे पेहेलेसे ही है, तब इसके काटने पर ये रोग हो सकता है।

**मलेरीया बुखार किस तरह से रोका जा सकता है**

1) किसी भी तरह के बुखार आने पर नजदी की नागरी आरोग्य केद्र (Urban health post) या स्व. इंदिरा गांधी स्मृती (उपजिल्हा) रूग्णालय, भिवंडी. जा कर खुन की जाँच करनी है।
2) खुन के जाँच में मलेरीया मालुम होता है, तो मरीज ने तुरंत नजदी की नागरी आरोग्य केंद्र (Urban health post) या स्व. इंदिरा गांधी स्मृती (उपजिल्हा) रूग्णालय, भिवंडी में जाकर जिम्मेदारी से अपना ईलाज कराये. ये ईलाज तिन या चौदा दिनों की दवाईयों से पुरी तरह ठिक होता है
3) मलेरीया की दवाईयो का इलाज मुफ्त है।
4) खाजगी प्रयोगशाला व खाजगी अस्पताल वालोने मलेरीया मरीजों की जानकारी तात्काल उनके कार्यक्षेत्रके नागरी आरोग्य केद्र (Urban health post) या स्व. इंदिरागांधी स्मृती (उपजिल्हा) रूग्णालय, भिवंडी को देनी है।

**कोई भी बुखार मलेरीया बुखार हो सकता है।**

वैद्यकिय आरोग्य अधिकार | उपआयुक्त (आरोग्य) | अति. आयुक्त (2) | अति. आयुक्त (1) | प्रशासक तथा आयुक्त

**भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी**

जा.क्र./ज.सं.वि. 586 दि. 13.06.2025

# वियतनाम की राजधानी में ठाकरे बंधुओं का बैनर

तरुणमित्र / ब्यूरो

**मुंब्रा**ः उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को एक साथ आने का आह्वान करते हुए वियतनाम की राजधानी हनोई में मराठी बंधुओं ने बैनर लगाया। बैनर पर लिखा है, 'ठाकरे बंधुओं को महाराष्ट्र के लिए साथ आना चाहिए।'यह बैनर सिर्फ दो नेताओं की तस्वीर नहीं थी, यह एक भावना थी। बैनर फहराने वालों ने कहा कि यह एकता, भाईचारे और महाराष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के बारे में है। उन्होंने कहा कि यह वियतनाम और दुनिया भर के मराठी लोगों की अपील है कि महाराष्ट्र के दो प्रभावशाली नेता उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे अपने राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर साथ आएं। जिस तरह देश के नागरिक इस एकता की उम्मीद कर रहे हैं, उसी तरह विदेश में रहने वाले मराठी भाई भी अपनी मातृभूमि से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए हैं। आज के समय में महाराष्ट्र को एक स्पष्ट दिशा, विकासोन्मुख नेतृत्व और मराठी अस्मिता की बुलंद आवाज की जरूरत है। जो ठाकरे बंधुओं के साथ मिलकर ही संभव है। मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विचारों में मतभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति में मतभेदों के बावजूद महाराष्ट्र के लिए एकता होनी चाहिए।



# मंत्री ने नव निर्मित सरकारी क्वार्टरों का किया निरीक्षण

तरुणमित्र

**नई दिल्ली**। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को सरोजिनी नगर में नव निर्मित सरकारी क्वार्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इन सरकारी क्वार्टरों का निर्माण भवन एवं निर्माण मंत्रालय ने किया था। उन्होंने कहा कि नए क्वार्टरों में कुछ छोटी-मोटी कमियां होना स्वाभाविक है। हमें शिकायतें इसके बाद आज एनडीएमसी के उपाध्यक्ष के साथ स्थिति का निरीक्षण करने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि हम संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक सप्ताह में संयुक्त बैठक करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि यहां के लोगों को और असुविधाओं का सामना न करना पड़े।

# साहित्य ज्ञानमार्गी दुख की औषधि



हृदयनारायण दीक्षित



दुनिया को सुखी बनाने के काम में अनेक महानुभाव सक्रिय रहे हैं और आज भी हैं। वे आदर के पात्र होते हैं। हम उनकी चर्चा करते हैं। उनकी यश और कीर्ति यत्र सर्वत्र फैलती है। कुछ महानायक जैसे होते हैं और कुछ महापुरुष जैसे। ऐसे व्यक्तित्व बहुत सरल नहीं होते। हम उन्हें आसानी से नहीं समझ सकते। हमारे पास उन्हें समझने और जानने के लिए लेख और भाषण की सामग्री ही होती है।

खलील जिब्रान लेबनानी विद्रोही नेता थे। उन्होंने विशेष शैली में 12 पुस्तकें लिखीं। 'दि प्रॉफेट' नाम की उनकी किताब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय हुई थी। शेक्सपियर का लेखन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रिय है। उनके लेखन का द्वंद्व तत्व विचारणीय है। महात्मा गांधी का व्यक्तित्व समझने की दृष्टि से बहुत जटिल है। वे राजनीति में सक्रिय रहते हैं, कोई पद नहीं लेते। लेकिन कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में भी सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हैं। अपने आदर्शों के लिए सत्याग्रह करते हैं। गांधी को आसानी से नहीं समझा जा सकता। गांधी का लिखा और बोला साहित्य हमें उनके निकट ले जाता है।

डॉ. बी० आर० आम्बेडकर का लिखा बोला साहित्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हम उनके साहित्य को पढ़कर, उनके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ जान जाते हैं। गांधी जी 'हरिजन' और 'यंग इण्डिया' में नियमित लिखते थे। डा. आम्बेडकर का अपना अखबार 'मूकनायक' था। वे उसमें लिखते थे। लोडिया 'मैनकाइंड' में लिखते थे। उनकी लिखी 'भारत माता', 'धरती माता', 'इकोनॉमिक्स बियोंड मार्क्स' और 'इतिहास चक्र' जैसी पुस्तकें उनके व्यक्तित्व की खबर देती हैं। दीनदयाल उपाध्याय 'ऑर्गनाइजर' में पॉलिटिकल डायरी लिखते थे।

असली बात है अभिव्यक्ति का स्रोत। ब्रह्माण्ड सतत् विस्तारवान है। वह स्वयं को भिन्न भिन्न रूपों में प्रकट करता रहता है। प्रकृति की परिवर्तनशीलता ब्रह्म अभिव्यक्ति का परिणाम है। ज्ञान की विशेष अवस्था में ज्ञाता और ज्ञान एक हो जाते हैं। प्रकृति अनेक लेखकों की प्रेरणा का स्रोत है। किसी को नदियां पर्वत आनंदित प्रेरित करते हैं, तो किसी किसी को सूर्य चन्द्र आदि प्रकाशमान दिव्यता प्रभावित करती है। सूर्य के प्रभाव में वनस्पतियां प्रकाश संश्लेषण करती हैं। चन्द्रमा विराट ब्रह्माण्ड का 'मन' है। लेखन प्रायः स्वअंतस की उथल पुथल का परिणाम होता है। शंकराचार्य ऐसे ही अंतरराष्ट्रीय ख्याति के महान दार्थनिक थे। उनके व्यक्तित्व की थाह पाना बहुत कठिन है। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता के लिए काम किया। विश्व चिंतन दर्शन में अनूठा हस्तक्षेप किया। सारी दुनिया में भारतीय धर्म दर्शन की पताका फहराई। वे लगातार चलते रहे। बोलते रहे और लगातार लिखते भी रहे। उनका लेखन प्रवचन आश्चर्यचकित करता है। मोटे तौर पर शंकराचार्य के लगभग 200 ग्रंथ बताए जाते हैं। विद्वानों का मत है कि परवर्ती शंकराचार्यों ने भी अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे, लेकिन आदि शंकराचार्य के लेखन की अपनी तर्कपूर्ण शैली थी। उनकी लेखनी में चमत्कार था।

डॉक्टर जयराम मिश्र ने 'आदि शंकराचार्य जीवन और दर्शन' (पृष्ठ 216) में लिखा है, "आदि शंकराचार्य द्वारा लिखित ग्रंथों को हम चार भागों में बांट सकते हैं। पहला भाष्य ग्रंथ, दूसरा स्तोत्र ग्रंथ, तीसरा प्रकरण ग्रंथ और चैथा तंत्र ग्रंथ।" आचार्य के लिखे भाष्य ग्रंथों की दो श्रेणियां हैं। पहली प्रस्थानत्रयी का भाष्य और दूसरे अन्य ग्रंथों के भाष्य। प्रस्थानत्रयी में प्रस्थान का अर्थ मार्ग में गति है और त्रयी का अर्थ है तीन। प्रस्थान के तीन मार्ग बताए गए हैं। पहला ब्रह्मसूत्र, दूसरा स्मृति अर्थात भगवद्गीता, तीसरा उपनिषद। यही तीन मार्ग हैं। जयराम मिश्र ने बताया है कि, "शंकराचार्य ने प्रस्थानत्रयी के तीनों मार्गों पर टीकाएं लिखी हैं।" प्रस्थानत्रयी में ब्रह्मसूत्र भी आता है। शंकराचार्य के ब्रह्मसूत्र पर लिखे भाष्य को विद्वानों द्वारा सराहा गया है। आचार्य ने ब्रह्मसूत्र जैसी संक्षिप्त और जटिल रचना को बड़े सरल और तरल शैली में समझाया है। भाषा में प्रसाद है।

वाचस्पति मिश्र प्रतिष्ठित विद्वान ने शंकर के भाष्य की सराहना की है। इसी तरह श्रीमद्भगवद्गीता के भाष्य में आचार्य शंकर ने गीता की निवृत्तिमूलक और ज्ञानपरक व्याख्या की है। उन्होंने इस भाष्य में यह सिद्ध करने की चेष्टा की है कि ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति केवल 'तत्वज्ञान' से ही होती है, ज्ञान और कर्म के समुच्चय से नहीं। गीता पर अनेक भाष्य हैं, लेकिन इस भाष्य में उन्होंने कर्म के सिद्धान्तों का खण्डन किया है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है। लेखक की शब्द देह होता है। समाज की महत्वाकांक्षा और स्वप्न साहित्य में ही प्रकट होते हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों के इतिहास में लेखन और विचार अभिव्यक्ति का सम्मान रहा है। छापे खाने और लिपि के अविष्कार के बाद विश्व साहित्य के इतिहास में क्रांतिकारी परिवर्तन आए हैं। भारतीय संस्कृति अति प्राचीन है इसलिए साहित्य भी अतिप्राचीन है। यहाँ विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। केवल ऋग्वेद में ही साढ़े दस हजार मंत्र हैं। महाभारत के कई संस्करण हैं। इसमें 90 हजार श्लोक बताए जाते हैं। वाल्मीकि की लिखी रामायण में लगभग 25 हजार श्लोक हैं। फिर ब्राह्मण आरण्यक भी वृहदाकार है। यहाँ बृहदारण्यक उपनिषद भी है। ऐसा समृद्ध साहित्य दुनिया की किसी भी संस्कृति में नहीं है।

जीवन जगत् रहस्यपूर्ण है। विराट अस्तित्व का बोध जटिल है। अनेक प्रश्न और जिज्ञासाएं हैं। भारतीय चिंतन में प्रायः सभी प्रश्नों पर विचार हुआ है। प्रश्न बेचैनी बढ़ती रहती है, तो हम उत्तर पाने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। मैं जिज्ञासु हूँ। अच्छी बात है, लेकिन क्यों हूँ जिज्ञासु? यह प्रश्न स्वयं के विवेचन या आत्मचिंतन से ही जुड़ा है। जान पड़ता है कि जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता लेकर ही हम जन्मे हैं। महापुरुषों के लेखन में अनेक जिज्ञासाओं के समाधान हैं। सतत् अध्ययन का विकल्प नहीं है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोम चोम्सकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा वाले विद्वान ने अनेक ग्रंथ लिखे हैं। इनमें अमेरिकी समाज के मूल्यों में गिरावट का वर्णन है। पुस्तकों से चोम्सकी की मानसिक बौद्धिक उथल पुथल का सहज अनुमान संभव है।

कुछ आधारभूत प्रश्न हैं। सबके चित्त में उगते हैं। जैसे विराट अस्तित्व किसकी रचना है? क्या स्वयंभू है? सदा से है? क्या इसका कोई सर्जक है? ऋग्वेद के एक ऋषि की जिज्ञासा है कि हम ऐसे किस देव की उपासना करें-कस्मे देवाय हविषा विधेम? ईश्वर इसी जिज्ञासा का विषय है। भौतिकवादी मित्र कहेंगे कि यह प्रत्यक्ष जगत् से परे मेटाफिजिकल अधिभौतिक चर्चा है।

आइए भौतिकवादी प्रश्नावली पर विचार करते हैं। ऋग्वेद में सूर्य से प्रश्न है कि आप बिना किसी आधार के कैसे लटके हैं? महाभारत में युधिष्ठिर से प्रश्न है कि जीवन मार्ग क्या है? कः पंथा? उत्तर कुछ बड़ा है, "वेद वचन ढेर सारे। तर्क से बात नहीं बनती। ऋषि अनेक हैं। धर्म तत्व गूढ़ है। इसलिए महापुरुषों का मार्ग ही श्रेयस्कर है-महाजनो येन गता स पंथः।" शंकराचार्य ने सीधे प्रश्न का सीधा उत्तर दिया, "ब्रह्म सत्य है। ज्ञान ही एकमेव मार्ग है।" उन्होंने अपनी वैचारिक स्थापना के लिए तमाम पुस्तकें लिखी थीं। साहित्य ज्ञान मार्ग के दुख से छुटकारे का रसायन है।"

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

## आज का पंचांग

सोमवार 2025 वर्ष का 167वां दिन, दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा। विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1947, मास आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) पक्ष कृष्ण, तिथि पंचमी 15.32 बजे को समाप्त। नक्षत्र धनिष्ठा 01.14 बजे रात्र को समाप्त। योग वैधृति 11.07 बजे को समाप्त। करण तैतिल 15.32 बजे तदनन्तर गर 03.13 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 19.9 घण्टे।

## आज का राशिफल



**मेष :** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्घि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्घिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-3-4-7

**मिथुन :** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्घि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क :** मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह :** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या :** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** ज्ञनीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक :** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु :** अवरुद्घ कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुम्भ :** हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्घि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन :** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

# चीन की नीतियों से तिब्बती संस्कृति संकट में

ओम प्रकाश सिंह

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की तिब्बत में लागू की जा रही सांस्कृतिक और राजनीतिक नीतियों को लेकर एक नई अमेरिकी रिपोर्ट में गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शासनकाल में तिब्बती बच्चों को जबरन चीन की संस्कृति और भाषा में ढालने की कोशिश हो रही है, जिससे उनकी पारंपरिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता को गहरा आघात पहुंच रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन सरकार ने तिब्बती बच्चों को कम उम्र में ही उनके परिवारों और समुदायों से अलग करके आवासीय बोर्डिंग स्कूलों में भेजना शुरू कर दिया है, जहां उन्हें सिर्फ मंदारिन भाषा सिखाई जा रही है और तिब्बती भाषा, संस्कृति और बौद्ध परंपराओं से दूर रखा जा रहा है। लगभग दस लाख तिब्बती बच्चे अब इन सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जहां उनका संपर्क पारंपरिक तिब्बती शिक्षा और धार्मिक वातावरण से कट जाता है। रिपोर्ट कहती है कि "यह सिर्फ भाषा की शिक्षा नहीं है, बल्कि यह तिब्बती पहचान को मिटाने की एक संगठित कोशिश है।"

रिपोर्ट के अनुसार, धार्मिक मामलों पर निगरानी रखने वाले अधिकारियों द्वारा बौद्ध भिक्षुओं और ननों पर कड़ा नियंत्रण रखा जा रहा है। उन्हें सरकार की अनुमति के बिना धार्मिक शिक्षा देने की मनाही है। यहां तक कि बच्चों को मठों में प्रवेश करने या धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने से भी रोका जा रहा है। कई मठों पर निगरानी कैमरे लगाए गए हैं, और भिक्षुओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बजाय चीन के प्रति 'देशभक्ति' दिखाने के लिए मजबूर किया जाता है।

शी जिनपिंग द्वारा बार-बार 'राष्ट्रीय एकता' और 'चीनी राष्ट्र की एकता' की बात की जाती है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि इसके नाम पर सांस्कृतिक विविधता को खत्म किया जा रहा है। तिब्बत, शिनजियांग और इनर मंगोलिया जैसे क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं और परंपराओं को दबाकर चीनी पहचान को थोपने का प्रयास किया जा रहा है। तिब्बती के साथ-साथ उइगर मुसलमानों और मंगोलियन सभ्यता और संस्कृति के लोगों को भी इसी तरह से थोपी गई नीतियों से दबाया जा रहा है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2014 से अब तक शी जिनपिंग ने बार-बार यह दोहराया है कि "सभी जातीय समूहों को एक साझा राष्ट्रीय पहचान के तहत आना चाहिए।" इस विचारधारा के तहत स्थानीय पहचान और विविधता को कम किया जा रहा है।

भारत में मौजूद निर्वासित तिब्बती सरकार (सेंट्रल तिब्बती एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस अमेरिकी रिपोर्ट का समर्थन करते हुए कहा है कि तिब्बती बच्चों को जबरन मंदारिन सिखाकर और उनकी मातृभाषा को हटाकर चीन उनकी सांस्कृतिक जड़ों को नष्ट करना चाहता है। भारत के धर्मशाला स्थित प्रशासन ने यह भी कहा कि तिब्बती बच्चों को जो शिक्षा दी जा रही है, वह न केवल उनकी भाषाई पहचान मिटा रही है, बल्कि उनके धार्मिक और नैतिक मूल्यों को भी तोड़ रही है।

यूएन ह्यूमन राइट्स कमीशन और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों ने चीन के इस रवैये की पहले भी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, तिब्बत में धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं और सरकार द्वारा नियंत्रित शिक्षा प्रणाली में बच्चों को 'देशभक्त नागरिक' के रूप में ढाला जा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र और उसके बाहर रहने वाले तिब्बती बच्चों के लिए हजारों आवासीय स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों का मकसद बताया जाता है कि यह आधुनिक शिक्षा और जीवन कौशल प्रदान करते हैं, लेकिन आलोचक कहते हैं कि ये स्कूल एक तरह से 'री-एजुकेशन कैंप' हैं, जहां बच्चों को चीनी संस्कृति में ढालने का प्रयास होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूलों में न केवल मंदारिन को मुख्य भाषा बनाया गया है, बल्कि पाठ्यक्रम भी इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि उसमें तिब्बती इतिहास, धर्म या संस्कृति के लिए कोई स्थान नहीं है। तिब्बत में धार्मिक गतिविधियों, साहित्य, सोशल मीडिया और यहां तक कि पारिवारिक समारोहों तक पर सरकार की सख्त निगरानी है। किसी भी असहमति को 'अलगाववाद' या 'राष्ट्रविरोधी गतिविधि' मानकर दंडित किया जा सकता है। कई मामलों में भिक्षुओं और धार्मिक नेताओं को हिरासत में लिया गया है या उन्हें जबरन 'देशभक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों' में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया है। यह प्रशिक्षण उन्हें उनकी संस्कृति से काटने का एक जरिया है। अमेरिकी रिपोर्ट में बताया गया है कि तिब्बत में शिक्षकों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि वे बच्चों को 'राष्ट्रीय एकता' और 'देशभक्ति' का पाठ पढ़ाएं। शिक्षकों पर दबाव डाला जाता है कि वे बच्चों की वैचारिक सोच को चीन के अनुसार ढालें। इस प्रक्रिया में बच्चों को न केवल उनके धार्मिक विश्वासों से अलग किया जाता है, बल्कि पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों से भी दूर किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह प्रक्रिया जारी रही तो अगली पीढ़ी के तिब्बती युवा अपनी भाषा, धर्म और संस्कृति से पूरी तरह कट जाएंगे। इससे न केवल उनकी पहचान पर संकट मंडराएगा, बल्कि तिब्बती समुदाय की सामाजिक संरचना और आत्मसम्मान पर भी गंभीर प्रभाव पड़ेगा। एक तिब्बती मानवाधिकार कार्यकर्ता के शब्दों में, "हमारी संस्कृति को मिटाने की यह प्रक्रिया गुप्त नहीं, बल्कि खुलेआम हो रही है-स्कूलों, मठों, और हर सार्वजनिक स्थान पर।" हालांकि अमेरिका और कुछ यूरोपीय देश तिब्बती मुद्दों पर चीन से सवाल करते रहे हैं, लेकिन चीन की आर्थिक और राजनीतिक ताकत के कारण कोई भी देश निर्णायक हस्तक्षेप नहीं कर पा रहा है। तिब्बती नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे केवल बयानबाजी न करें, बल्कि चीन पर दबाव बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं। **(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7445

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7444 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## शब्द पहेली - 8508

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| 5 | | ■ | | ■ | | ■ | 6 | 7 |
| | ■ | ■ | 8 | 9 | | 10 | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | | |
| ■ | ■ | 14 | | ■ | 15 | | ■ | ■ |
| 16 | | | ■ | 17 | ■ | 18 | | 19 |
| | ■ | ■ | 20 | | 21 | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | | ■ | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत -3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण -2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

### ऊपर से नीचे

1. नाज, नखरा, चौंचला-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात -3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2


### शब्द पहेली -8507 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | कु | ली | न | ■ | ■ | ह | ■ | श |
| शा | ■ | प | ■ | क | म | ल | ■ | र |
| दी | न | ई | मा | न | ■ | क | स | म |
| ■ | ■ | य | ■ | क | ल | ■ | हा | ■ |
| क | ल | र | व | ■ | त | क | रा | र |
| ■ | की | ■ | ध | न | ■ | मा | ■ | ■ |
| भ | र | म | ■ | क | हा | नी | का | र |
| ला | ■ | का | ज | ल | ■ | दा | ■ | ण |
| ई | ■ | न | ■ | ■ | का | र | ण | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का आज होगा अंतिम संस्कार, मौजूद होंगे कई राजनीतिक हस्तियां

तरूण मित्र



**वलसाड जिला।** राज्य के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएनए मैच हो गया है। और उनका पार्थिव शरीर उनके परिवार को सौंप दिया जाएगा। जिसके बाद अंतिम संस्कार की सभी प्रक्रियाएं की जाएंगी। एयर इंडिया का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें विजय रूपाणी भी सवार थे। वे अपने परिवार से मिलने लंदन जा रहे थे। लेकिन लंदन के लिए उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में एक यात्री को छोड़कर सभी यात्रियों की मौत हो गई है। राज्य के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का अंतिम संस्कार सोमवार को होगा। डीएनए सैंपल मैच होने के बाद उनका पार्थिव शरीर परिवार को सौंप दिया जाएगा। और बाद में सोमवार को राजकोट में अंतिम संस्कार किया जाएगा। शाम तक पार्थिव शरीर को राजकोट ले जाया जाएगा। जहां उनके परिवार के सदस्य और राजनीतिक हस्तियां पहुंच गई हैं और विजय रूपाणी को श्रद्धांजलि दी है। परिवार के अन्य सदस्य गांधीनगर से राजकोट पहुंच रहे हैं। बेटा भी विदेश से राजकोट पहुंच गए हैं। विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि, उनका बेटा और बेटी लंदन में थे। जहां वे अपने परिवार से मिलने जा रहे थे। विजय रूपाणी के निधन के बाद उनकी पत्नी अंजलि गुजरात पहुंचीं। विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार के बाद सोमवार को शोक सभा होगी। और बाद में गांधीनगर में भी शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। विजय रूपाणी को उनके कार्यों, फैसलों और सरल स्वभाव के लिए हमेशा याद किया जाएगा। सीएम भूपेंद्र पटेल, पीएम मोदी ने विजय रूपाणी के परिवार से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की है।

## धन की गति दान से,मेघराज सर तालाब के जल संरक्षण अभियान में जुटे ग्रामीण,किसी ने ट्रेक्टर,तो किसी ने जेसीबी उपलब्ध करवाई

बाप,फलोदी अखेराज



बाप उपखंड मुख्यालय पर स्थित ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब की मिट्टी खुदाई, जल संरक्षण कार्य पिछले दो दिन से लगातार जारी है।पूर्व उप प्रधान जगदीश कुलधर पालीवाल,घनश्याम हरजाल,अमृत लाल छतानी ने बताया कि आसपास के 20 गांव की हल्क तर करने वाले तलाब का पानी सुख रहा है।ग्रामीणों के सहयोग से एकादशी, अमावस्या,पूर्णिमा को नगरपालिका बाप अध्यक्षा लीला देवी जगदीश पालीवाल की अपील से लोगो ने मिट्टी निकालने का पुण्य कार्य किया।अमृत लाल छतानी ने बताया कि दो जेसीबी मशीन से 10. से अधिक टैक्टर मालिकों ने जल संरक्षण के पुनीत कार्य में सहयोग किया।बाप तलाब का केचमेंट एरिया करीब चार सो बीघा है।नगरपालिका बाप ने बबूल झाड़ियों को कटाकर पानी की आवक के रास्ते साफ किए करवाए। वहीं शुक्र वार,रविवार की ग्रामीणों ने जनसहयोग से करीब 400 ट्रॉली से अधिक मिट्टी निकालकर जल भराव बढ़ाने का पुनीत कार्य किया। घनश्याम हरजाल ने बताया तलाब का बरसाती पानी बहुत ही मीठा व आयुर्वेद हैं। तलाब की नगरपालिका के साथ ग्रामीणों द्वारा साफ सफाई का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।इस तलाब पर शिकार वर्जित है।तलाब में नहाना भी प्रतिबंधित है इसलिए यह पानी हर समय साफ रहता है। इस पानी का इस समय गर्मी में आसपास के ढाणियों,गावो में टैंकर द्वारा परिवहन किया जाकर मनुष्यों के साथ पशुओं की प्यास बुझाई जा रही है।प्रतिदिन करीब 150 से 200 टैंकर पानी परिवहन कर ले जाया जा रहा है।पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल ने कहा कि पालीवाल जाती के लोग जहां भी बसे उन्होंने पहले पानी का साधन तलाब, कुआं,बावड़ी का निर्माण करवाया।बाप के आसपास 8,9 तलाब है जिनका निर्माण पालीवाल परिवारों ने किया।बाप के तलाब को 550 वर्ष पूर्व पूनध मेघराज जी पालीवाल ने करवाया।क्षेत्र का सबसे बड़ा तलाब हैं।पालीवाल ने जनता जनार्दन का खुदाई, मिट्टी निकालने में सहयोग किया उनका आभार व्यक्त किया। ग्राविस संस्था बाप ने दो दिन जेसीबी मशीन उपलब्ध करवाई,उनका आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि धन की गति दान से होती हैं।हर परिवार को जल संचय के जल स्रोतों में धन लगाकर पुण्य कमाना चाहिए।तालाबों में हजारों जीव ,जंतु पानी पीकर तृप्त होते हैं।उनका आशीर्वाद हमें मिलता है।इस समय तलाब सौंदर्यकरण का कार्य भी चल रहा है। आने वाले दिनों में बाप का ऐतिहासिक मेघराज सर तालाब जिले का मॉडल तलाब होगा। इन्होंने दी सेवा, भंवरलाल छतानि,भुराराम पंवार,मोहनलाल, नखता राम मेगवाल,जुगताराम कुमावत,तेजाराम पुनम चंद हरजाल,श्रीनारायण,मांगीलाल, नेनु राम,ज्ञानचंद,सत्यनारायण आदि।

# संक्षिप्त समाचार

### अस्पतालों में भी फॉगिंग और एंटी लार्वा का होगा छिड़काव, राजधानी में दो पालियों में स्प्रे कर रहे कर्मी

**पटना।** पटना में डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए अब अस्पतालों में भी फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाएगा। मरीजों के सेहत को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख अस्पताल PMCH, NMCH आदि में कर्मियों की नियुक्ति की गई है। कर्मी हर दिन दो पाली में सुबह और शाम फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करेंगे। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया है कि उन्हें छिड़काव वाली जगहों की तस्वीरें भी खींचकर भेजनी होगी ताकि लगातार मॉनिटरिंग की जा सके। निगम के द्वारा हर दिन सभी प्रभावित वार्डों में दो पालियों में फॉगिंग किया जा रहा है। इसके साथ ही हर दिन सार्वजनिक स्थानों और 50 घरों के पास एंटी लार्वा का छिड़काव भी किया जा रहा है, जिससे कि डेंगू, मलेरिया के मच्छर को पनपने से रोका जा सके। इस दौरान मुख्यालय के पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर वार्ड की स्थिति की जांच का भी निर्देश दिया गया है। वहीं, वॉकी-टॉकी से लगातार काम की समीक्षा भी की जा रही है। निगम के अनुसार शहर के सभी बाजार और सार्वजनिक स्थल और घरों में भी विशेष रूप से चिन्हित कर फॉगिंग करवाया जा रहा है, जिससे आम लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। इसके साथ ही प्रतिदिन पटना नगर निगम की विशेष टीम द्वारा ऐसे एरिया को कवर किया जा रहा है जहां से फॉगिंग के लिए शिकायत आ रही है। आम लोग 155304 पर फॉगिंग और एंटी लार्वा के लिए शिकायत कर सकते है।

### 3 करोड़ की लैंड क्रूजर से चलेंगे बाहुबली अनंत सिंह, दिल्ली से मंगवाई गई

**पटना।** मोकामा के पूर्व विधायक और बाहुबली अनंत सिंह मोकामा शूटआउट में फिलहाल बेऊर जेल में बंद हैं। इस बीच उनके काफिले में LAND Cruiser ZX शामिल हो गई है। अनंत सिंह के करीबी चंदन ने बताया कि इसकी कीमत 3 करोड़ है। ये दिल्ली से आई है। पटना आने के बाद नई गाड़ी की बड़हिया के जगदंबा मंदिर में पूजा की गई। अब सफेद रंग की LAND Cruiser ZX पटना में पूर्व विधायक के आवास पर लगी है। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही अनंत सिंह का जन्मदिन था। इसी मौके पर यह गाड़ी खरीदी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड स्टार शाहरूख खान और आकाश अंबानी के पास ये गाड़ी है। रौबदार मूंछें, काउबॉय हैट और हमेशा चश्मा पहनने के शौकीन अनंत सिंह अपने शौक को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। एक बार अनंत सिंह घोड़ा-बग्गी को लेकर विधानसभा पहुंच गए थे। बग्गी के इस्तेमाल पर अनंत सिंह से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया था कि इसमें पेट्रोल की जरूरत नहीं होती है। अनंत सिंह की चर्चा केवल क्राइम और सियासत के कॉकटेल तक ही सीमित नहीं है। ये घोड़े के शौक के लिए भी जाने जाते हैं। बात 2007 की है। पशुओं के मेले में अनंत सिंह लालू यादव का घोड़ा लेकर पहुंच गए थे। अनंत सिंह को पता था कि लालू उन्हें अपना घोड़ा नहीं बेचेंगे, इसलिए उन्होंने किसी दूसरे के जरिए लालू के घोड़े को खरीदा था और उसे लेकर मेले में पहुंचे थे।

### विधानसभा चुनाव में 10% वोटिंग बढ़ाने का लक्ष्य, निर्वाचन आयोग ने नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार और मीडिया प्रभाग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार ने शनिवार को जिला स्वीप व मीडिया के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिहार विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने का टास्क दिया है। बिहार में पिछले लोकसभा चुनाव में 56.28 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। जबकि, देश का राष्ट्रीय औसत 66.10 प्रतिशत था। निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय औसत के बराबर वोटिंग कराने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बिहार चुनाव में बेस्ट प्रैक्टिस को लागू किया जाएगा। आयोग के सहायक निदेशक अपूर्व कुमार ने कहा कि पहली बार वोटरों को मोबाइल रखने के लिए बूथ के बगल में सेंटर बनाया जा रहा है। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बूथ बनाने की पहल की जा रही है। वोटर स्लिप पर मतदान केंद्र का पार्ट नंबर और सीरियल नंबर रहेगा। वहीं, मतदाता सूची की गड़बड़ी दूर करने और युवाओं का नाम उसमें जोड़ने के लिए बीएलए और बीएलओ की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई जा रही है। मतदान के बाद अधिकारियों को मतदान प्रतिशत की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने के बाद ही जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। अपर सचिव माधव कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य के अधिकारियों ने कहा कि मिशन-60 पर फोकस किया जा रहा है। सभी विस क्षेत्रों के 60 प्रतिशत से कम वीटीआर वाले 60 बूथों को चिह्नित किया जा रहा है। वहां के मतदाताओं को विभिन्न स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जागरूक कर मतदाता प्रतिशत को राष्ट्रीय औसत तक पहुंचाया जाएगा। सचिव संतोष कुमार ने जिलों से वीटीआर कम रहने के कारणों की समीक्षा की। मौके पर स्टेट मीडिया नोडल अधिकारी कपिल शर्मा, अवर निर्वाचन अधिकारी सुबोध सिन्हा, जनसंपर्क अधिकारी रंजीत रंजन मौजूद थे।

### वैशाली के कोयलामोहन चौक से दो लुटेरे अरेस्ट, एक देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और 9 मोबाइल बरामद

**हाजीपुर।** वैशाली के सराय थाना पुलिस ने रविवार को कोयलामोहन चौक के पास से दो लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सुबह 9 बजे दो संदिग्ध युवक इलाके में देखे गए हैं, जिसके बाद थानाध्यक्ष दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे, लेकिन जवानों ने उन्हें दौड़ाकर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महिसौर थाना क्षेत्र के मौड़ा बुजुर्ग निवासी पंकज कुमार और पातेपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर पूरा निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान पंकज कुमार के पास से एक देसी कट्टा और KF 8 mm 92 की एक जिंदा गोली बरामद हुई। दोनों के पास से दो मोबाइल भी मिले, जिनकी IMEI जांच में खुलासा हुआ कि ये मोबाइल सराय थाना कांड संख्या 140/25 से जुड़े लूट के हैं। यह लूट 6-7 जून की रात को लालगंज कोयलामोहन चौक पर संजय कुमार सिंह और अभय कुमार सिंह से की गई थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर सात और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पुलिस अब इन मोबाइल के वास्तविक मालिकों की पहचान कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और इनके गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में राहत का माहौल है।

#### भागलपुर में बारिश, औरंगाबाद में छाए बादल, 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

## हीटवेव बढ़ाएगी परेशानी, 17-18 जून को मानसून की होगी एंट्री

एजेंसी, पटना



भीषण गर्मी के बीच भागलपुर में रविवार शाम तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं औरंगाबाद समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। पटना में आज हल्की धूप रही, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। बिहार में शनिवार यानी आज 30 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। इनमें 14 जिलों में ऑरेंज, जबकि 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। वहीं 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि, किशनगंज में शनिवार की शाम से शुरू हुई बारिश रविवार की सुबह तक होती रही। इस दौरान पूरे रात रुक-रुक कर बारिश होती रही। इससे सड़कों पर जलजमाव की समस्या बन गई है। सदर अस्पताल रोड की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। सड़कों पर घुटना भर पानी है। यह स्थिति डांगी बस्ती, महिला कॉलेज रोड और पश्चिम पाली समेत कई इलाकों की है। स्थानीय विजय मलिक ने बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से यह समस्या हर साल बनती है। कई घरों में भी गंदा पानी घुस गया है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से ध्यान नहीं दिया जाता है।


**16 जिलों में बारिश का यलो अलर्टः** प्रदेश के 16 जिलों को यलो कैटेगरी में रखा गया है। इन जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। इन इलाकों में लोगों को खुले मैदान, पेड़ों के नीचे या ऊंची जगहों से दूर रहने की सलाह दी गई है। वहीं पटना, नालंदा, जहानाबाद, शेखपुरा, गया, बेगूसराय, लखीसराय और नवादा को लेकर कोई अलर्ट नहीं जारी किया गया है। जबकि, भोजपुर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, कैमूर और बक्सर में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

**15 से 17 जून के बीच हो सकती है मानसून की एंट्रीः** बिहार में 15 से 17 जून के बीच दस्तक देगा मानसून। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार अगले 2-3 दिनों में मानसून आने के पूरे आसार हैं। रविवार से राज्य में मानसूनी गतिविधियां शुरू हो जाएगी। पूर्वी और उत्तरी बिहार में बारिश शुरू होगी। मानसून आते ही झमाझम बारिश शुरू होगी। बारिश से तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट होगी।

**शुरुआत में 4 दिनों तक तेज बारिश होगीः** शुरुआत के 3-4 दिन अच्छी बारिश होगी। उसके बाद 7 दिन रुक-रुक कर बारिश जारी रहेगी। अगर बारिश बीच में रुक जाए, तो सितम्बर के आखिरी तक बारिश होती रहती है। मानसून में बिहार में औसतन 991 एमएम बारिश होती है। इस बार 3-4 दिन देर से मानसून आ रहा है। मानसून का सही वक्त 13 से 15 जून है। मौसम वैज्ञानिक आशीष कुमार के मुताबिक बिहार में इस बार मानसून 8 से 15 सितम्बर तक रहेगा।

## लालू बताएं-आप पर केस दर्ज क्यों न किया जाए

एजेंसी, पटना



♦ अंबेडकर के अपमान पर एससी-एसटी आयोग ने भेजा नोटिस, सम्राट बोले-ये चित्र राजद का असली चरित्र

बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने लालू यादव को रविवार को नोटिस भेजा है। आयोग ने 15 दिन के अंदर लालू से जवाब मांगा है। इसके साथ ही SC/ST एक्ट के तहत राजद सुप्रीमो पर केस दर्ज कराने की चेतावनी भी दी गई है। दरअसल, लालू यादव के जन्मदिन के मौके पर एक कार्यकर्ता ने लालू प्रसाद को उपहार के रूप में डॉ. अंबेडकर की तस्वीर भेंट की। इस दौरान वो तस्वीर को लालू के पैर के पास रख देता है, लेकिन लालू न तो तस्वीर को हाथ लगाते हैं और न ही उसे उठाते हैं। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

इसी वीडियो को आधार बनाते हुए राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने इसे भीम राव अंबेडकर का अपमान बताया है। आयोग ने पत्र के जरिए लालू से स्पष्टीकरण मांगा और कहा, 'क्यों न आपके खिलाफ SC/ST एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाए।' वहीं, वीडियो सामने आने के बाद बिहार में सियासत भी तेज हो गई। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा समेत कई नेताओं ने लालू पर निशाना साधा है। सम्राट ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- 'ये चित्र ही RJD का असली चरित्र है।'

**तेजस्वी बोले- SC/ST आयोग के नोटिस में कई गलतियां..दोबारा भेजें:** लालू यादव को नोटिस भेजे जाने पर तेजस्वी यादव ने कहा, 'जो दो नोटिस भेजा गया है, उसमें बहुत सारी गलतियां हैं। उसको सही करके दूसरी बार भी भेजा गया, लेकिन उसमें भी कई गलतियां है। अब जब दोबारा नोटिस रिसीव होगा, तब उसका जवाब दिया जाएगा।' नेता प्रतिपक्ष ने कहा, 'बिहार में दलितों पर कितना ज्यादा अत्याचार हो रहा है, वह सब चीज इन लोगों को नहीं दिखता है।'

## शराब मामले में गिरफ्तार महादलित युवक की मौत, पीएमसीएच में इलाज में गई जान

एजेंसी, पटना



दानापुर में शराब पीने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार महादलित युवक सुनील मांझी की PMCH में इलाज के दौरान मौत हो गई। सुनील, गाभताल मुसहरी का रहने वाला था। पुलिस ने 9 जून की शाम को सुनील मांझी को शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सुनील की पत्नी ममता देवी के अनुसार, उनके पति मिर्गी के मरीज थे। जेल भेजने के दौरान वह थाने के गेट पर बेहोश हो गए थे। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। ममता देवी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनमें से चार को पैसे लेकर छोड़ दिया गया, जबकि सुनील और उनके भाई घमंडी मांझी को जेल भेज दिया गया। उपकारा अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 10 जून को दोनों भाइयों को उत्पाद अधिनियम के तहत जेल लाया गया था। सुनील की तबीयत बिगड़ने पर पहले उपकारा के चिकित्सक ने इलाज किया। फिर उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। 14 जून की शाम को स्थिति गंभीर होने पर PMCH रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही रविवार सुबह परिजनों ने उपकारा गेट पर प्रदर्शन किया। उपकारा प्रशासन ने इसे थाने का मामला बताया। इस पर परिजन थाने पहुंचे और दो घंटे से अधिक समय तक नारेबाजी की। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजनों ने दानापुर गांधी मैदान मुख्य सड़क पर आगजनी भी की।

## डांग व सापुतारा में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश से निखर गया प्राकृतिक सौंदर्य

तरूण मित्र



**वलसाड जिला।** मौसम विभाग ने राज्य में व्यापक बारिश की संभावना जताई है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश और कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बताया गया है कि ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण तंत्र वर्तमान में सक्रिय है। बारिश का तंत्र राजस्थान और मध्य प्रदेश की ओर सक्रिय है। वहीं डांग जिला में लगातार दूसरे दिन गरज के साथ बारिश हुई है। हिल स्टेशन सापूतारा, आहवा और आसपास के इलाकों में बारिश हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, गुजरात में छिटपुट बारिश हो रही है। सापूतारा में हुई बारिश ने इलाके की प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ा दिया है। वहीं वलसाड, नवसारी जिला में धीमी गति से बारिश शुरू हो गई है। जबकि वांसदा, चिखली और आसपास के इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। जिला में बादल छाए रहने से लोगों को बफारा से राहत मिली है। विसावदर पंथक में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। मांडावड, मोनिया, नानी मोनपरी समेत कई गांवों में बारिश हुई है। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, नवसारी, वलसाड, दमन, दादरा नगर हवेली, अमरेली, भावनगर, अरावली, महिसागर, दाहोद, नर्मदा, भरूच, सूरत, डांग, तापी, राजकोट, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अहमदाबाद, गांधीनगर, बनासकांठा, साबरकांठा, पाटन, मेहसाणा, खेड़ा, आनंद में मध्यम बारिश की भविष्यवाणी की गई है। सूरत के अलग-अलग इलाकों में बारिश ने दस्तक दे दी है। अडाजण, जहांगीरपुरा, रांदेर, वेसू, कतारगाम, खटोदरा, पिपलोद, अठवालाइंस, अमरोली, वराछा, कापोद्रा, उंधना, डिंडोली इलाके में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

## पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने सीएम को शुक्रिया कहा

एजेंसी, पटना



तबादले पर बोले-मुख्यमंत्री का यह विशेषाधिकार है, ट्रांसफर-पोस्टिंग नौकरी का हिस्सा

पटना SSP अवकाश कुमार ने 5 महीने के कार्यकाल के दौरान पुलिस की उपलब्धि के आंकड़े जारी किए। उन्होंने कहा कि जून का महीना अभी पूरा नहीं हुआ है। 14 जून तक 5 महीने का कार्यकाल रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी में बतौर SSP की जिम्मेदारी सौंपी। इसके लिए उनका शुक्रिया। इस दौरान SSP अवकाश कुमार के चेहरे से साफ तौर पर उदासी भी झलक रही थी। उन्होंने तबादले के सवाल पर कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग बहुत सारी चीजों को लेकर होती हैं। इसका विशेषाधिकार मुख्यमंत्री के पास होता है। ट्रांसफर-पोस्टिंग नौकरी का हिस्सा है। इन सब चीजों से जोड़ना मेरे ख्याल से अनुचित है। ये हमारे और आपके हाथ की चीज नहीं होती है। पटना पुलिस ने 5 महीने में लूट, डकैती के मामले में 90 प्रतिशत डिटेक्शन किया है। अधिकतर मामलों में आरोपी पकड़े भी गए हैं। पटना पुलिस शानदार काम कर रही है। इसी का नतीजा है कि जून महीने में वर्ष 2021, वर्ष 22, वर्ष 23, वर्ष 24 की अपेक्षा हत्या, लुट, डकैती और एक्सटार्शन के आंकड़ों में गिरावट आई है। पटना एसएसपी अवकाश कुमार को महज 5 महीने के कार्यकाल के बाद ही हटाकर BMP 1 में ट्रांसफर कर दिया गया है। पटना जिले में बतौर SSP सबसे कम समय का कार्यकाल है।

## फ्लाईओवर के नीचे बने प्ले एरिया पर जमी धूल

एजेंसी, पटना



♦ डेढ़ साल में ही हाल-बेहाल, नगर आयुक्त बोलें- हर शनिवार को होगा मैच, पत्थर वाला सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा

पटना में फ्लाईओवर के नीचे वाले एरिया को हाई टेक बनाने के लिए प्ले एरिया का निर्माण किया गया था। आर ब्लॉक के पास फ्लाईओवर के नीचे पूरे एरिया को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए क्रिकेट और बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था, ताकि आम लोग खाली समय में यहां खेल सके और अपने आप को फिजिकली फिट रख सके, लेकिन डेढ़ साल में ही यहां की स्थिति बदहाल हो गई है।

**तेजस्वी ने लगाए थे चौके-छक्केः** अक्टूबर 2023 में तत्कालीन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसका उद्घाटन किया था। उन्होंने यहां आकर क्रिकेट खेला और चौके छक्के भी लगाए, मगर उनके आने के बाद कभी यहां आम लोग खेलते हुए नहीं दिखे। हमेशा यहां ताला ही लगा रहता है। शुरुआत में इसकी स्थिति ठीक थी, मगर अब इसका कोई देखभाल करने वाला भी नहीं है। पटना नगर निगम ने यहां एक मैच भी आयोजित करवाया था, मगर वह कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए ही था।

**हर शनिवार को होगा मैच : नगर आयुक्तः** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर ने कहा कि वहां की देखभाल नहीं हो पा रही है, क्योंकि कोई गतिविधि नहीं हो रही है। अब हर शनिवार वहां मैच होगा। इस प्ले एरिया को फिर से रिवैम्प किया जाएगा। क्षतिग्रस्त हुए सेल्फी प्वाइंट को तोड़कर अब पत्थर वाला सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। इसके लिए पत्थर राजस्थान से मंगवाए गए हैं। बाद में यहां ओपन जिम भी डेवलप किया जाएगा।

**5000 स्क्वायर फीट में तैयार किया गया था पूरा प्ले ग्राउंडः** ये पूरा प्ले ग्राउंड 5000 स्क्वायर फीट में तैयार किया गया था। इसमें 2000 स्क्वायर फीट में बैडमिंटन कोर्ट तैयार किया गया था। इसके अलावा 3000 स्क्वायर फीट में छोटा क्रिकेट ग्राउंड बनाया गया था। वहीं, चारों तरफ आयरन फेंसिंग का काम किया गया था। बैठने के लिए बेंच लगाई गई थी और पेंटिंग सहित लाइटिंग और अन्य सौन्दर्यीकरण का भी काम हुआ था।

**मुंबई-गाजियाबाद की तर्ज पर किया गया था निर्माणः** नवी मुंबई और गाजियाबाद नगर निगम की तर्ज पर पटना में नगर निगम की तरफ से फ्लाईओवर के निचले भाग को विकसित किया गया था। इस प्ले एरिया का निर्माण फेडरल बैंक के CSR फंड से 22 लाख की लागत से किया गया था। इसके निर्माण के बाद तीन नए स्पोर्ट्स कोर्ट के निर्माण की बात चल रही थी। गायघाट ज्यूडिशियल एकेडमी के पास, राजेंद्र नगर पुल के नीचे और राजा बाजार फ्लाईओवर के नीचे जगह स्थल को प्रस्तावित किया गया था। मगर अभी तक यह प्रोजेक्ट जमीन पर नहीं उतरा है।

# मंत्री को बताया था...नहीं कटती है बिजली, रैंकिंग में 75 में 72वां स्थान; जनता परेशान



**वाराणसी, एजेंसी।** सीएम डैश बोर्ड अप्रैल माह की रैंकिंग में दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे-शहरी श्रेणी में बिजली विभाग को 10 में एक नंबर मिला है। जबकि प्रदेश के 75 जिलों 72वां स्थान मिला है। वहीं पिछले दिनों जब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा काशी आए थे। उन्होंने बिजली व्यवस्था का निरीक्षण किया था तो विभाग के अफसरों ने कहा था कि व्यवस्थाएं इतनी अच्छी हो गई हैं कि उन्हें शटडाउन नहीं लेना पड़ता है। कोई ट्रिपिंग भी नहीं होती है। जबकि सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग विभाग की पोल खोल रही है। इन नंबरों के साथ विभाग को ई ग्रेड मिला है। यह सबसे निचली ग्रेड है।

रिपोर्ट के अनुसार दैनिक निर्धारित विद्युत घंटे-शहरी (मिनट) 43,200 हैं। विभाग ने इसके सापेक्ष 41, 609 की आपूर्ति की है। इससे वाराणसी की विद्युत आपूर्ति का प्रतिशत 96.32 प्रतिशत रहा है, जबकि मार्च में लक्ष्य के सापेक्ष 99.93 फीसदी आपूर्ति रही थी। अप्रैल में रैंकिंग 72 रही जबकि मार्च में 26 रही थी। बता दें कि प्रदेश के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले जिलों में गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर, वाराणसी और प्रयागराज शामिल हैं।

शहर से गांव तक कटौती, ट्रिपिंग से जूझ रहे लोग = भीषण गर्मी में बिजली कटौती से पूरा जिला ही जूझ रहा है। यह रैंकिंग तो शहरी क्षेत्र की जारी हुई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र का हाल भी खराब है। चौबेपुर, चिरईगांव, छाईगांव, रोहनिया के साथ राजातालाब और शहर में नरिया, लंका, सारनाथ, आदित्यनगर, करौली और सुंदरपुर, महेशपुर, चौक आदि इलाकों में पिछले चार दिन से दिन में तो ट्रिपिंग हो ही रही है लेकिन सबसे अधिक रात में ट्रिपिंग हो रही है।

हालांकि ट्रांसफार्मर की खराबी की शिकायतों के मामले में अप्रैल माह में विभाग को ए प्लस ग्रेड मिला है। विभाग को एक महीने में 236 आवेदन मिले, इसमें सभी का निस्तारण कर दिया और विभाग को 10 में 10 नंबर मिले।

### देर रात तक आधे शहर में गुल रही बिजली

जिले में बिजली का संकट बढ़ता ही जा रहा है। मेन सप्लाई बाधित होने से आधे शहर की बिजली गुल देर रात तक गुल रही। सड़कों पर अंधेरा छाया रहा। इस बीच शनिवार को मैदागिन इलाके में दोपहर 1.30 बजे से रात 9.30 बजे के बीच छह बार बिजली कटी। कभी 15 मिनट तो कभी आधे घंटे तक की कटौती से लोग परेशान हो गए। वहीं देर रात मंडुवाडीह रोडपर कटौती से अंधेरा छाया रहा। उधर, ग्रामीण इलाकों में भी बिजली का आना जाना जारी रहा। दिन के मुकाबले रात में सर्वाधिक बिजली कट रही है, इस वजह से लोगों को रात भी जागकर गुजारनी पड़ रही है।

पिछले साल जून महीने में 800 से 830 मेगावाट बिजली खपत थी, जो कि इस साल दो दिन में 880 मेगावाट तक पहुंच गई है। इस बीच शनिवार को वरुणापार इलाके में भोजुबीर, पांडेयपुर, मैदागिन, चौक, आदित्यनगर करौंदी, नरिया सहित अन्य इलाकों में बिजली की आवाजाही जारी रही। चौबेपुर के गरथौली विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांवों पलकहां, गरथौली,अजांव,परानापुर, कादीपुर कलां,आदि कई गांवों में दोपहर में दो घंटे बिजली बाधित रही। शाम साढ़े सात बजे के बाद लाइन बार बार ट्रिप करने के बाद आती जाती रही जिससे लोग परेशान रहे।

**बिजली चोरी में 15 लोगों पर मुकदमा, 183 के कनेक्शन काटे गए :** जिले में बिजली की खपत अचानक औसत से अधिक होने के बाद बिजली निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को शहर से लेकर गांव तक बिजली चोरी रोकने के साथ ही बकायेदारों का कनेक्शन काटने का अभियान चला। कुल 15 लोगों पर बिजली चोरी का मुकदमा करवाया गया जबकि 183 लोगों का कनेक्शन काटा गया। इसमें लोगों ने मौके पर बकाये को भी जमा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐसे घेरकर झपटी मौत: पहले महिला को सांड़ ने पटका, उससे बची तो सड़क हादसे ने ले ली जान

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ की अतरौली कोतवाली के गांव चपौटा में एक महिला गुड्डी देवी (50) पर 13 जून शाम सांड़ ने हमला कर दिया और उन्हें उठाकर पटक दिया। रात में इलाज कराने के बाद पति और पुत्र उन्हें लेकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अतरौली में अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत हो गई। इस हादसे में महिला के पति और पुत्र भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें उपचार के लिए जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

गुड्डी देवी चपौटा निवासी इंद्रजीत सिंह की पत्नी थी। 13 जून शाम उनके खेत में मक्का निकासी हो रही थी। शाम करीब पांच बजे इंद्रजीत और उनका बेटा प्रेम उर्फ शेरा ट्रैक्टर-ट्राली में मक्का लादकर घर रखने चले गए, गुड्डी देवी खेत पर ही थी। ग्रामीणों के अनुसार इस दौरान एक सांड़ खेत पर पहुंच गया। गुड्डी देवी ने उसे भगाने की कोशिश की तो उसने उनपर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग लाठी डंडे लेकर दौड़े और सांड़ को भगाया।

इसकी सूचना पर इंद्रजीत और उनका पुत्र शेर बाइक लेकर खेत पर पहुंचे और वहां से घायल गुड्डी देवी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली पर लेकर पहुंचे। उनका इलाज कराने के बाद रात करीब दस बजे ये तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। अतरौली में रामघाट रोड पर स्थित गैस एजेंसी के पास कोई अज्ञात वाहन इनकी बाइक में टक्कर मारकर भाग गया। पुलिस का कहना है कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी घटना के संबंध में तहरीर नहीं दी गई है।

### बद्रीनाथ धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर शौचालय में घुसी, एक की मौत और 4 घायल

**पीलीभीत , एजेंसी।** बद्रीनाथ धाम से परिवार के साथ लौट रहे कार सवार लखीमपुर जिले के रहने वाले परिवार की कार माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मल्लपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर घर के बाहर बने शौचालय से टकरा गई।

हादसे में लखीमपुर कोतवाली क्षेत्र के संकटाह चौकी क्षेत्र के निवासी आशीष कुमार श्रीवास्तव 45 पुत्र हृदय नारायण श्रीवास्तव की मौत हो गई। जबकि ससुर विजय नाथ श्रीवास्तव, पत्नी अंकिता श्रीवास्तव, पुत्री पलक व पुत्र भी घायल हुआ है।

सूचना पर पहुंची माधोटांडा पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को माधोटांडा सीएचसी भेजा। जहां अंकिता को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। नींद की झपकी आने से हादसा होने की बात सामने आ रही है। थाना प्रभारी अशोक पाल ने बताया कि घायलों का उपचार कराया गया है। सूचना परिजनों को दी गई है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### प्रयागराज में बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोग जिंदा जले

**प्रयागराज , एजेंसी।** बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्लाबोल गांव में बीतीरात बिजली गिरने से चार लोग जिंदा जल गए। चारपाई पर सो रहे दंपती और उनकी दो बेटियों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौत का मंजर देखकर हर कोई सिहर गया। एक ही झटके में पूरा परिवार खत्म हो गया। सूचना पाकर तमाम अधिकारी स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वीरेंद्र वनवासी (35) पुत्र छोटे वनवासी, पार्वती वनवासी (32) पत्नी वीरेंद्र वनवासी, राधा वनवासी (3) पुत्री वीरेंद्र वनवासी और करिश्मा वनवासी (2) पुत्री वीरेंद्र वनवासी एक ही मड़ई में दो चारपाई पर सो रहे थे। रात में मौसम खराब होने के बाद तेज आवाज के साथ बिजली गिर गई। मड़ई पर गिरी बिजली ने एक ही झटके में वीरेंद्र वनवासी समेत उसके पूरे परिवार को समाप्त कर दिया। मड़ई समेत चारपाई भी जलकर राख हो गई। मौके पर जली लाशें देखकर हर कोई सिहर गया। घटना देर रात हुई। सोनवर्षा गांव में बिजली गिरने से अकाल मौत के शिकार हुए दंपती को चार बेटियां हैं। दो बेटियों की मौत दंपती के साथ ही हो गई, जबकि दो अन्य बेटियां दादा के पास घर पर होने के कारण बच गईं।

### डंडे और चाकू से किए वार... फिर फावड़े से काटा, हितेंद्र के सिर पर सवार था खून, बेटी ने बताई पूरी कहानी

**कासगंज , एजेंसी।** कासगंज में पत्नी को ले जाने से गुस्साए युवक ने साथियों के साथ मिलकर पत्नी के प्रेमी की मां की फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी। हमलावरों ने शनिवार सुबह घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। महिला को बचाने पहुंची उसकी बेटी को भी हमलावरों ने घायल किया है।

महिला चंद्रकली को जिस बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया। वह मंजर रोंगटे खड़ा कर देना वाला था। मृतका चंद्रकली की बेटी और वारदात की चश्मदीद मंजू ने बताया कि हितेंद्र के सिर पर खून सवार था। उसने घर में घुसते ही मां चंद्रकली पर पहले डंडे से वार किए।

फिर चाकू से पीठ और गर्दन के पास वार किए। इतने से भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ था तो पास में रखा फावड़ा उठाकर चंद्रकली पर वार कर दिया। वह मां को बचाने के लिए मौके पर पहुंची तो हितेंद्र ने उस पर भी हमला कर दिया। उसके सिर पर भी चोट लगी है। वहां का मंजर देखकर वो इतना घबरा गई कि वहां से भाग निकली और डायल 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली।

बेटी मंजू का कहना है कि अगर वो वहां से नहीं भागती तो हितेंद्र उसकी भी हत्या कर सकता था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मंजू की आंखों में वारदात खौफ साफ दिखा। मंजू ने बताया कि वह वारदात के समय इतना डर गई थी कि उसे नानी अनारदेवी तक की सुध नहीं रही जो चंद्रकली को बचाने के दौरान धक्का-मुक्की में गिर गई थी। सूचना पर पुलिस पहुंची तो वह मां को एंबुलेंस से लेकर सीधा सीएचसी चली गई।



## अति पिछड़ी जातियों को जोड़ रही कांग्रेस, अनिल जयहिंद बोले- आबादी के हिसाब से दिलाएंगे हिस्सेदारी

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अति पिछड़ी जातियों को गोलबंद करेगी। इन जातियों को सियासी गुलदस्ते के रूप में सजाकर सियासी ताकत बढ़ाएगी। इसकी शुरुआत शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित भागीदारी न्याय महासम्मेलन से की गई है। महासम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्टीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति को हिस्सेदारी दिलाने के लिए तत्पर है। अब आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देशभर के 90 प्रतिशत पिछड़े, दलित आदिवासी, अल्पसंख्यक समाज के साथ प्रतिदिन शोषण हो रहा है। उनके शोषण का प्रमुख कारण आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा, सभी संवैधानिक संस्थाओं के सभी स्तर के पदों में आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी ना होना है। देश के सभी संसाधनों में आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी होनी चाहिए।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निश्चित रूप से बहुजन समाज के लोगों को हिस्सेदारी और न्याय मिलेगा। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि 2025 का वर्ष कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन का वर्ष है। सामाजिक न्याय संगठन सृजन का प्रमुख आधार बिंदु है। संगठन के सभी स्तरों में सभी वर्गों के लोगों को उनकी आबादी के अनुपात में पद और जिम्मेदारी देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। 60 फीसदी से अधिक पदों पर पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यकों को हिस्सेदारी दी जाएगी।

**सांप्रादायिकता को जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट हों:** प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि सभी वर्गों का हित तभी सुरक्षित हैं, जब संविधान सुरक्षित और मजबूत रहेगा। इसलिए सभी वर्गों का यह दायित्व है कि आर्थिक असामानता, जातीय शोषण, सांप्रादायिकता को जड़ से समाप्त करने के लिए एकजुट हों।

## प्रदेश में बदला मौसम, अवध-पूर्वांचल के कई जिलों में छाए बादल, अब नहीं चलेगी लू; 17 जून से होगी बारिश



**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी के मौसम में मामूली बदलाव हुआ है। रविवार को राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी और अवध के कई जिलों में सुबह से तीखी धूप निकलने के बजाय हल्के बादल हैं। सुबह से चलने वाली गर्म हवा का भी प्रकोप कम हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार हैं। तभी कुछ राहत की मिलेगी। इस बीच रविवार से अगले पांच दिन तक प्रदेश में लू नहीं चलने का अनुमान है। इससे भी तपिश से थोड़ा सुकून मिलने की उम्मीद है।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में पुरवा हवाएं चलेंगी। इससे 15 जून से छिटपुट बूंदाबांदी का दौर शुरू होगा। फिर 17 जून से पूर्वी और 19 जून से पश्चिमी यूपी में भारी बारिश के आसार हैं। तराई इलाकों को छोड़कर अन्य स्थानों पर पड़ रही उमस भरी गर्मी अगले 1-2 दिनों तक जारी रहने के आसार हैं। रविवार से लू की स्थिति प्रदेश में कमजोर होगी।

**प्रयागराज रहा सबसे गर्म, कई जिलों में लू का प्रभावः** प्रदेश में शनिवार को प्रयागराज 45 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं बांदा में 44.8, कानपुर में 44.9, वाराणसी में 43, आगरा में 43.6, सुल्तानपुर में 42.6, लखनऊ में 42.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बहराइच, बरेली, झांसी और गोरखपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। मौसम विभाग के अनुसार पुरवा हवा के चलते बुंदेलखंड में शनिवार को तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली।

**यहां गरज-चमक और वज्रपात की चेतावनीः** बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर।

### प्रयागराज रहा सबसे गर्म

उत्तर प्रदेश में शनिवार को प्रयागराज सबसे गर्म जिला रहा। यहां पर अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं बांदा में 44.8 डिग्री, कानपुर में 44.9, वाराणसी में 43 डिग्री, आगरा में 43.6 डिग्री, सुल्तानपुर में 42.6, लखनऊ में 42.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। बहराइच, बरेली, झांसी और गोरखपुर में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुरवा हवा की प्रतिक्रिया के फलस्वरूप बुंदेलखंड में शनिवार को तापमान में कुछ कमी दर्ज की गई। इसके चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से थोड़ी राहत मिली। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोई प्रभावी गतिविधि न होने के कारण तापमान में मामूली वृद्धि की वजह से प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, बहराइच और गोरखपुर में लू का प्रभाव देखने को मिला।


### तेज रफ्तार कार ने कई लोगों को मारी टक्कर, फिर अंडे के ठेले से टकराई, चालक को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में मूलगंज के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। लोगों ने पीछा किया तो बचने की कोशिश में चालक घंटाघर की ओर भाग निकला। इस दौरान कई वाहनों में टक्कर मारते हुए कार सुतरखाने वाली रोड पर एक अंडे के ठेले से टकराकर रुक गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का रिम तक टूट गया। घटना से गुस्साए लोगों ने चालक को लाठी-डंडों से जमकर पीट दिया। कार में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने चालक व घायल राहगीरों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

शनिवार देर रात मूलगंज की ओर से काले रंग की तेज रफ्तार एमजी की विंडसर कार दो वाहन सवारों को टक्कर मारते हुए निकल गई। राहगीरों ने कार का पीछा किया तो बचने की कोशिश में चालक तेजी से कार को भगाते हुए कलक्टरगंज की ओर ले गया। यहां पर कुछ लोगों को टक्कर मारते हुए घंटाघर की ओर भाग निकला। घंटाघर से सुतरखाने वाली रोड पर अंडे के ठेले में टक्कर मारने के बाद रिम टूटने की वजह से कार रुक गई। कार के रुकते ही लोगों ने चालक के साथ मारपीट कर दी।

## मनकामेश्वर मंदिर में जींस, पैंट, स्कर्ट में पूजा करने पर लगेगी पाबंदी, सावन से लागू होगा ड्रेस कोड

**प्रयागराज, एजेंसी।** यमुना किनारे स्थित मनकामेश्वर मंदिर में सावन माह से भक्तों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य होगा। इसके तहत पुरुषों को धोती पहनकर ही मंदिर में पूजन-अभिषेक करना होगा। धोती के साथ वो शर्ट और कुर्ता पहन सकते हैं। इसी तरह महिलाओं को साड़ी या सलवार सूट पहनकर ही पूजन-अभिषेक करना होगा यानी जींस, पैंट, स्कर्ट जैसे कपड़े पहनकर मंदिर में पूजन पर पाबंदी होगी। मंदिर प्रशासन ने पूजन-अभिषेक के दौरान धार्मिक परंपराओं को नियमपूर्वक कराने के लिए यह फैसला लिया है। मंदिर के सभी पुजारियों को इस नियम का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश हैं।



श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज ने बताया कि पूजन-अर्चन में वस्त्र का विशेष महत्व होता है। आराध्य के पूजन-अभिषेक के लिए बिना सिले हुए वस्त्र ही पहनने चाहिए। धोती बिना सिला हुआ वस्त्र होता है और इसे पवित्र माना जाता है। इस कारण 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन से पूजन-अर्चन के लिए नए नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी होगा। सावन में लागू की गई व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि श्री मनकामेश्वर मंदिर में पूजन-अभिषेक के लिए आने वाले भक्त अगर खुद की धोती पहनकर नहीं आते हैं तो उनके लिए भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए मंदिर प्रशासन निशुल्क धोती उपलब्ध कराएगा। विधि-विधान से पूजन-अभिषेक के बाद धोती मंदिर प्रशासन को वापस करना होगा।

दरअसल, श्री मनकामेश्वर मंदिर भगवान शिव का अति प्राचीन मंदिर है। हर दिन यहां बड़ी संख्या में भक्त दूरदराज से पहुंचते हैं। सोमवार के दिन यहां दिनभर भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं सावन में दूरदराज से भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि मनकामेश्वर मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने पर भगवान शिव भक्तों की हर इच्छा पूरी करते हैं।

# मुझे किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं दिखती : राशा थडानी

**मुंबई।** हाल ही में मशहूर अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अभिषेक कपूर की पीरियड एक्शन फिल्म 'आजाद' से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। अभिनय की दुनिया में प्रवेश करने से पहले ही राशा की तुलना शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर से होने लगी थी। सोशल मीडिया पर उन्हें एक के बाद एक इन स्टारकिड्स से मापा गया, लेकिन उन्होंने जिस आत्मविश्वास और सादगी से इसका जवाब दिया, वह काबिले तारीफ है। एक इंटरव्यू क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें राशा ने कहा कि बाकी अभिनेत्रियां उनसे ज्यादा एक्सपीरियंस्ड हैं और उन्होंने पहले से काम किया हुआ है, इसलिए वह उनसे बहुत कुछ सीख सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि उन्हें किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं दिखती, बल्कि वे इस सबको एक सीखने का मौका मानती हैं। उनका यह विनम्र जवाब सोशल मीडिया यूज़र्स को बेहद पसंद आया और लोग उन्हें ब्यूटी विद ब्रेन्स कहने लगे। कुछ यूज़र्स ने तो यहां तक कहा कि राशा बाकी स्टारकिड्स से भी बेहतर हैं और उनमें एक अगली सुपरस्टार बनने की पूरी क्षमता है। हालांकि फिल्म 'आजाद' बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी सफलता नहीं बन पाई, लेकिन इसके एक गाने 'उई अम्मा' ने दर्शकों के बीच खासा लोकप्रियता हासिल की। इस गाने में राशा के डांस ने लोगों को प्रभावित किया और यहां तक कि माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज अभिनेत्री ने भी उनकी तारीफ की। राशा ने फिल्म का प्रमोशन पूरे उत्साह के साथ किया और अपने अभिनय और डांस से लोगों के दिलों में जगह बनाने की कोशिश की। अब फैंस को राशा की अगली फिल्म का इंतजार है। हाल ही में उन्होंने 'मुनझा' फेम अभय वर्मा के साथ एक इंस्टाग्राम वीडियो शेयर किया है, जिससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि दोनों शायद किसी नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। बता दें कि बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हर नई प्रतिभा को दर्शकों की कसौटी पर खरा उतरना होता है, और जब वो किसी मशहूर सितारे की संतान हो, तो यह सफर और भी कठिन हो जाता है।



# ड्रीमलैंड मेला विवाद: न्यायिक आदेशों की अनदेखी और प्रशासनिक चूक का खुलासा

तरुणमित्र



**जौनपुर**। शहर के केंद्र में स्थित बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में एक बार फिर "ड्रीमलैंड प्रदर्शनी मेला" का आयोजन किया गया है। यह आयोजन न केवल कानूनी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी गंभीर सवालों के घेरे में है। वर्ष 2017 में उच्च न्यायालय के निर्देश और नगर मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमति रद्द किए जाने के बावजूद, 2025 में इस मैदान पर मेला लगने की घटना प्रशासनिक अनदेखी और न्यायिक आदेशों की अवमानना का प्रतीक बन गई है।

**2017: न्यायिक आदेश और अनुमति रद्द** : वर्ष 2017 में बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान पर ड्रीमलैंड प्रदर्शनी मेला आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। स्थानीय नागरिक सत्यप्रकाश सिंह और आनंद शंकर श्रीवास्तव की आपत्तियों के बाद, नगर मजिस्ट्रेट ने मामले की सुनवाई की। जांच में पाया गया कि:

यह भूमि राजस्व रिकॉर्ड में "कायस्थ पाठशाला जौनपुर" के नाम पर दर्ज है।

तत्कालीन प्रधानाचार्य ने मेला लगाने की अनुमति नहीं दी थी।

उच्च न्यायालय के आदेश (रिट याचिका संख्या 26430/2015) के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों की भूमि का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता।

इन तथ्यों के आधार पर 9 अगस्त 2017 को नगर मजिस्ट्रेट ने अनुमति रद्द कर दी थी।

**उच्च न्यायालय का निर्देश**

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया था:

"Educational institution fields are meant for students and not for commercial activities like fairs."

अर्थात, शैक्षणिक संस्थानों की भूमि का उपयोग मेले जैसे व्यावसायिक आयोजनों के लिए नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने भविष्य में ऐसे आयोजनों पर पूरी तरह से रोक लगाने के निर्देश दिए थे।

**025: फिर से आदेशों की अनदेखी** : न्यायिक आदेशों और 2017 में अनुमति रद्द होने के बावजूद, 2025 में बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान पर फिर से मेला लगाया गया।

क्या प्रशासन ने इस बार कोई नई अनुमति दी?

यदि अनुमति नहीं दी गई, तो यह आयोजन अवैध है और न्यायालय की अवमानना का स्पष्ट मामला बनता है।

यदि अनुमति दी गई है, तो पूर्व आदेशों को खारिज करने का आधार क्या था?

**शैक्षणिक और सामाजिक प्रभाव** : स्थानीय नागरिकों और शिक्षकों का कहना है कि इस तरह के आयोजनों से:

1.विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है: मेले के शोर-शराबे और भीड़ से विद्यालय का वातावरण प्रभावित होता है। 2.सुरक्षा और अनुशासन पर असर: बाहरी लोगों की भीड़ और अस्थायी दुकानों के कारण स्कूल परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। 3.यातायात व्यवस्था चरमराती है: मेले की वजह से आसपास के इलाकों में यातायात बाधित होता है। 4.असामाजिक गतिविधियों का बढ़ना: इस तरह के आयोजनों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने की संभावना रहती है।

**प्रशासन की चुप्पी: सवालों के घेरे में**

स्थानीय नागरिकों और शिक्षकों का आरोप है कि: प्रशासन ने 2017 के स्पष्ट आदेशों के बावजूद मेला लगाने की अनुमति कैसे दी?

**क्या यह राजनीतिक दबाव का नतीजा है?** : क्या नगर मजिस्ट्रेट और जिलाधिकारी ने इस बार कोई नई अनुमति दी है, और अगर हां, तो क्या यह अनुमति न्यायालय के आदेश का उल्लंघन नहीं है?

जनता की मांग: निष्पक्ष जांच और कार्यवाही

**स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने मांग की है कि:** इस आयोजन की न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। यदि आयोजन अवैध है, तो इसे तत्काल रोका जाए। 2017 के आदेशों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। शैक्षणिक संस्थान का मैदान छात्रों की शिक्षा और विकास का स्थान है, न कि व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र। प्रशासन और न्यायपालिका की निष्क्रियता से आमजन में रोष व्याप्त है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन न्यायिक आदेशों का सम्मान करता है या सत्ता के दबाव में चुप्पी साधे रहता है।

**क्या यह न्यायालय की अवमानना का मामला नहीं?**

न्यायिक आदेशों और प्रशासनिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ उठे इस सवाल का जवाब अब जिला प्रशासन और न्यायपालिका को देना होगा।

# मुद्दा : यमराज से छीनने से लेकर यमराज तक पहुँचाने की यात्रा

तरुणमित्र




**यूपी** : पहले की सावित्रीयां यमराज से लड़कर अपने पति के प्राण वापिस ले आती थी पर आधुनिक समाज की पत्नियां हनीमून का लालच देकर अपने पतियों के प्राण यमराज को दें आती है। ट्रेंड बदलने के नाम पर हमने सबसे अधिक नुकसान अपने सनातनी उदाहरणों का किया है। संस्कार नाम की चीज हीं नहीं बची । कम कपड़ो में पहले रील बनाएंगी फिर किसी बाँके छबिले से नैन मटक्का होगा रील कोलाब्रेशन के नाम पर फिर जब शादी होगी तो उसी बाँके नौजवान की सहायता से नीले ड्रम में पैक कर देंगी। आजकल वैसे भी ज्यादा दहेज के लालच में पढ़े लिखे एवरेज संस्कारी लड़कियों की जगह हाई फाई नौकरी पेशा बहुए ढूंढने जा रहे और बदले में मिल कौन रहा सोनम रघुवंशी, निकिता सिंघानिया जैसी लड़कियां जो आधुनिक समाज में पत्नि संघ की डॉन है। मर्डर मिस्ट्री और अफेयर की स्क्रिप्ट राइटर है। बड़ी क्रूरता से हत्या को अंजाम भी दे रही । इन्होंने अपने पतियो के साथ जो कुछ भी किया वो पति समाज के लिए एक चेतावनी है । हाई प्रोफाइल मां-बाप अपने बच्चों को बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि कौन कैसा है! कौन शार्ट पहनके घूमता है कौन पब औऱ बार जाता है । इन सबके बावजूद वो अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के लिए झूठ-फरेब बोल करके शादी कर देते हैं। हाल की कई घटनाओं से हम सबक ले सकते हैं। पेरेंट्स अपने युवा बच्चो को एकल परिवार की जगह संयुक्त परिवार की खूबसूरती के बारे में बताएं। बहुत सी शादियां लड़के और लड़की दोनों को पसंद नहीं होती हैं, तब भी पारिवारिक दबाव में कर दी जाती हैं। यही रिश्तों में कड़वाहट, संबंध विच्छेद और हत्या जैसी घटनाओं का कारण बन रही है। इसमें लड़के-लड़की जितने दोषी हैं, उनके मां-बाप भी उतने ही दोषी । हर मां-बाप सोचता है कि बेटी की शादी जिस घर में हो दामाद इकलौता मिले। बड़ा घर हो, महंगी गाड़ियां हो, खूब पैसा हो, घर में नौकर-चाकर हों। यदि लड़का सरकारी जॉब में हो, तब तो हजारों झूठ बोलकर बेटी की शादी कराने में जुट जाते हैं। ऐसे लोगों की लड़कियां तकलीफ उठाती है । लड़की भले ही कम पढ़ी लिखी हो पर संस्कारी हो सभ्य हो और नॉलेज के नाम पर एवरेज हो लेकिन परिवार मैनेज करने वाली घर से हो तो जरूर विवाह कर ले वो भी बिना दहेज के क्युकी फिर आपकी पीढ़ियां सही रहेंगी । लड़की काली, गोरी, मोटी-छोटी, भेंगी, कानी बहरी जैसी भी हो पर संस्कारी हो । उसके नौकरी, हाई प्रोफाइल सोसायटी , बाप की दौलत , विश्व सुंदरी वाली हैसियत इत्यादि देख कर शादी करोगे या फिर वो भारी भरकम दहेज लेकर आएगी तो यही हाल होगा जो इंदौर की सोनम रघुवंशी और निकिता सिंघानिया ने किया । यदि लड़का सरकारी नौकरी करता है, मोटा है, छोटा है, काला है, तब भी लड़की हूर की परी ही चाहिए होती है। ऐसी शादियां होने के कुछ ही दिनों बाद हकीकत सामने आती है, तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है। लड़की/लड़का एक-दूसरे के साथ एडजस्ट नहीं कर पाते। यदि शादी के पहले से अफेयर है, तो लड़के/लड़की की जान भी खतरे में आ जाती है। मां-बाप बच्चों पर नजर रखें, उसके स्कूल से लेकर दोस्तों तक, खाने-पीने से लेकर पहनने ओढ़ने और सोने जागने तक की हर एक्टिविटी पर नजर रखेंगे, तो निश्चित तौर पर वह गलत रास्ते पर जाने से बच जाएगा। बच्चों को स्वतंत्रता मिलनी भी जरूरी है, लेकिन अनुशासित रखना उससे अधिक जरूरी है। नई पीढ़ी को सुधारने का जो काम मां-बाप और समाज कर सकता है, वो कोई भी कानून, कोर्ट या सजा नहीं सुधार सकते हैं। इसलिए आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपने, अपनों और संस्कारों को न भूलें। ये आपके दिए हुए संस्कार ही हैं, जो किसी बेटी को सावित्री सी पतिव्रता तो किसी को सुपर्णखा बनाते हैं, ये संस्कार ही हैं, जो किसी को सोनम तो किसी को तुलसी बनाते हैं। ये संस्कार ही हैं, जो किसी को अब्दुल कलाम तो किसी को बिन लादेन बनाते हैं। अपने बच्चों में संस्कार की नींव मां-बाप ही रखते हैं, इसलिए सबसे पहले उन्हें जिम्मेदारी लेनी होगी। जीवन के हर मोड़ पर समझदारी से फैसले लेने होंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों पर हमें अफसोस नहीं गर्व होगा और शादियां स्थाई टिकाऊ और सामाजिक अपराधों से परे होंगी । बहू ढूंढिए क्रिमिनल नहीं ! दहेज वाली हाई प्रोफाइल सादियों से बेहतर है गरीब घर की पढ़ी लिखी संस्कारी कन्या ढूंढिए ।

# जौनपुर :लावारिश शव इंतजामिया कमेटी के द्वारा दफन करवाया गया 158वा शव

### जलालपुर थाने से मिला था शव

तरुणमित्र



**जौनपुर** : जिले में मिलने वाले मुस्लिम लावारिश शव को दफन करवाने वाली कमेटी लावारिस शव इंतजामियां कमेटी ने जलालपुर थाने से मिला हुआ एक शव आज यहां हम्ज़ा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया शव के बारे में पुलिस विभाग से आरक्षी जिया नारायण पाटिल ने बताया कि यह शव जलालपुर के रेहटी हाइवे पर मिला था।


हुलिया से अधेड़ प्रतीत हो रहा था जिसकी उम्र लगभग 45 साल होगी ।शव को पोस्टमार्टम के बाद कमेटी को सौंपा गया ,कमेटी के द्वारा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से इसे हजरत हम्ज़ा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दफन करवाया गया, कमेटी के संस्थापक रियाजुल हक ने बताया कि लॉकडाउन के बाद से मुस्लिम शव को दफन करने का सिलसिला लगातार जारी है इसी क्रम में यह 158 वा शव था। इस मौके पर मुख्य रूप जिया नारायण पाटिल आरक्षी जलालपुर थाने से मौजूद रहे। वही कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मास्टर मास्टर मेराज एवं इम्तियाज सिद्दीकी का विशेष योगदान रहा,नमाज ए जनाजा हाफीज सलमान ने अदा कराई।वही कमेटी के अन्य सदस्यों का भी विशेष योगदान रहा।

# पत्रकार बिपिन सैनी के पिता का निधन, समाज में शोक की लहर

तरुणमित्र

**जौनपुर**। मां शीतला चौकियां धाम के 72 वर्षीय पंडा राजकुमार के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया है। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे और शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि करीब 2 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार, समाज और पत्रकारिता जगत में गहरा शोक फैल गया।

राजकुमार पंडा के पुत्र, पत्रकार बिपिन सैनी ने बताया कि उनके पिता पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी मृत्यु को परिवार और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करने वालों का तांता उनके आवास पर लगा रहा। रविवार



को राम घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र पत्रकार बिपिन सैनी ने दी। इस दौरान तमाम राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, अधिवक्ता और पत्रकार मौजूद रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्वर्गीय पंडा राजकुमार अपने पीछे तीन पुत्र, दो पुत्रियां और भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र को गहरी क्षति पहुंची है।

# आकाशीय बिजली से चार लोगों की दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम

तरुणमित्र



**चंदवक, जौनपुर**। रविवार की शाम काशीदासपुर गांव में हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे आम के बगीचे में आम बीनने गए थे। मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बच्चों की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही चन्दवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। प्रशासन ने घटना की जानकारी जुटाते हुए राहत व सहायता के कदम उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इसी दौरान, करनेहुआ गांव में भी आकाशीय बिजली ने एक और जान ले ली। यहां ब्रजेश राजभर (25 वर्ष) की मौत हो गई। इस घटना से उनके परिवार पर गहरा आघात पहुंचा है।

ग्रामीणों ने इस प्रकार की घटनाओं को रोकने और पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद पहुंचाने की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहीं मेडिकल दुकानें, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर नहीं लग रही लगाम

तरुणमित्र

**जौनपुर**। जनपद में बिना लाइसेंस व फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं, जिससे न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं, बल्कि प्रतिबंधित दवाओं की खुलेआम बिक्री भी हो रही है। इन दवाओं का अधिकांश उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है, जिससे युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह जौनपुर में भी ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट और एनडीपीएस एक्ट का पालन करवाने की आवश्यकता है, लेकिन संबंधित विभाग की ढिलाई के चलते न तो नियमित जांच हो रही है और न ही अवैध रूप से संचालित मेडिकल दुकानों पर कोई ठोस कार्यवाही। बिना चिकित्सकीय परामर्श के नार्कोटिक दवाएं आसानी से बिक रही हैं, जो एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। औषधि विभाग द्वारा मेडिकल स्टोरों की छानबीन, फार्मासिस्ट की नियुक्ति की जांच और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक की दिशा में अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। इसके चलते युवाओं का स्वास्थ्य और समाज दोनों ही खतरे में हैं। जिलाधिकारी को चाहिए कि वे जिले में तत्काल अभियान चलवाकर मेडिकल दुकानों की सघन जांच कराएं और बिना फार्मासिस्ट के संचालित दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए। साथ ही पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग और औषधि निरीक्षक की संयुक्त टीम गठित कर मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। जिले के स्कूल-कॉलेजों में भी जागरूकता अभियान की सख्त जरूरत है, जिससे किशोरावस्था में ही बच्चों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके। समाज को इस दिशा में सजग होकर सहयोग देना होगा, तभी नशे की इस बढ़ती महामारी पर लगाम लगाई जा सकेगी।

# दुकानों के बाहर लगाएं कैमरा और रखें अग्निशामक यंत्र : सीओ प्रतिमा वर्मा

### सीओ ने व्यापारियों के साथ की बैठक, सुनी समस्या

तरुणमित्र



**जौनपुर मुंगराबाद** : शाहपुर व्यापारियों के साथ हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने व सतर्कता बरतने को लेकर थाना परिसर में क्षेत्राधिकारी प्रतिमा वर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक व्यापारियों के साथ की।बैठक में उन्होंने ने व्यापारियों से सतर्कता बरतने की अपील की। बैठक में क्षेत्राधिकारी मछलीशहर प्रतिमा वर्मा ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण को देखते हुए सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में कैमरा अवश्य लगवाएं।जिससे संदिग्ध व्यक्तियों पर मैनी नजर रखा जा सकें।और अपने दुकानों में अग्निशामक यंत्र जरूरी रखें। जिससे आग बूझाने में सहायता मिल सकें। कहां कि अपराध के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी व व्यापारी वर्ग को अराजकतत्वों से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने कहा कि कस्बेमें सुबह 9:00 बजे से लेकर रात्रि 9:00 तक भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी। पैसा साथ लेकर चलने पर इसकी निगरानी करें। पुलिस का सहयोग करें और पुलिस का सहयोग लें। अनावश्यक रुपए साथ लेकर ना चलें, अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। इस अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, शिवकुमार, नंदलाल,सरवर अली, तमजीद अशरफ, रंजीत गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुरेश सोनी, दिवाकर द्विवेदी व संजय चौरसिया आदि लोग मौजूद रहे।

# समृद्धि ने नीट में 3613 वीं कैटेगरी रैंक, 7786वाँ आल इंडिया रैंक प्राप्त किया

- **कड़ी मेहनत और अथक प्रयास से बेटी हुई सफल : मनोज अग्रहरि**

तरुणमित्र



**शाहगंज जौनपुर** | नगर के रामलीला भवन चौक निवासी रेडीमेड वस्त्र प्रतिष्ठान मनोज ड्रेसेज के स्वामी समाजसेवी मनोज अग्रहरि की पुत्री संबृद्धि ने कड़ी मेहनत कर देश के सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक नेशनल इलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट यूजी (नीट यूजी) में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। शनिवार को घोषित परिणाम में समृद्धि ने 720 अंकों में से 562 अंक प्राप्त कर 3613वीं रैंक हासिल किया। जिसको लेकर परिजनों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर व्याप्त है। बताते चलें इसी वर्ष जनवरी माह में समृद्धि ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में करियर को लेकर जेईई की परीक्षा में भी अच्छे रैंक से सफलता हासिल कर चुकी है। लेकिन चिकित्सा सेवा हेतु समृद्धि ने जेईई में चयनित होने के बावजूद छोड़ दिया था। माता नूपुर व पिता मनोज अग्रहरि ने बताया कि संबृद्धि का आज की भौतिकता के बजाय बचपन से पढ़ाई में विशेष रुझान रहा। वहीं समृद्धि ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया। कहां आम लोगों विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा देना लक्ष्य है। फिलहाल नगर की बेटी का नीट में अच्छे अंक से सलेक्शन से परिजनों व क्षेत्र में खुशी व्याप्त है।

# क्षत्रिय संगठनों ने निकाली महाराणा प्रताप स्वाभिमान शौर्य यात्रा

### धर्म और मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहे युवा। प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया

तरुणमित्र

**कानपुर**। वीर शिरोमणि क्षत्रिय हिन्दू सम्राट महाराणा प्रताप स्वाभिमान शौर्य यात्रा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया के द्वारा प्रदेश कार्यालय से निकली। बड़ी संख्या में मौजूद नगर के समस्त क्षत्रिय संगठनों ने साकेत नगर स्थित रेलवे ग्राउंड चौराहे पर एकत्रित हुए। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया ने कहा कि देश के महापुरुषों को समर्पित स्वाभिमान



शौर्य यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत की एकता अखंडता बनाए रखना है युवाओं को अपने धर्म और मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा। श्री भदौरिया ने कहा कि देश में जब जब आक्रांताओं ने घुसपैठ की कोशिश की हमारे मातृभूमि के वीर सपूतों ने उन्हें धूल चटाने का कार्य किया। बड़ी संख्या में क्षत्रिय संगठनों ने हजारों पदाधिकारियों के साथ एस पी एम मेट्रो स्टेशन से जरीब चौकी तक यात्रा निकाली। यात्रा में चल रहे पदाधिकारियो ने जय मां भवानी जय राजपूताना की जोरदार नारे लगाए। यात्रा जैसे ही महाराणा प्रताप चौक पहुंची प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से विभु ठाकुर संजय भदौरिया डॉ यू एस सिंह हेमन्त सिंह सेंगर प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत पंकज तोमर रणधीर चौहान सूरज ठाकुर रोहित वैश्य हिमांशु भदौरिया जितेंद्र चंदेल सुखवीर सिंह चौहान राकेश राणा दीपक राजावत हरिराज सिंह महेन्द्र तोमर सूर्यप्रताप सिंह राकेश राणा अरविंद परिहार अन्नत भदौरिया सनी सेंगर दर्पण भदौरिया राजेश कछवाह आशुतोष सिंह वैश्य प्रियांशु ठाकुर सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी आमरण अनशन रहा जारी

तरुणमित्र

**जौनपुर** : बक्शा रेलवे स्टेशन पर सटल एक्सप्रेस, मेमो, व सराय हरखू रेलवे स्टेशन पर फरक्का, गंगा जमुना एक्सप्रेस रुकने को लेकर अमरनाथ साथी ने ग्रामीणों के साथ शासन से लगातार मांग की जा रही थी लेकिन शासन द्वारा अमरनाथ की मांगों को लेकर कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया गया अमरनाथ साथी ने ग्रामीणों के साथ 13 तारीख से ब्लॉक बक्शा में बने महात्मा गाँधी प्रतिमा के सामने बैठ कर आमरण अनशन शुरू कर दिया है मेडिकल टीम द्वारा लगातार बीच में स्वास्थ परिक्षण की जा रही है अमरनाथ साथी का स्वास्थ बीच - बीच में खराब भी हो जा रहा है अभी तक प्रशासनिक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं उपस्थित हुआ है ग्रामीणों में आक्रोश है जौनपुर बदलापुर के बीच किसी भी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं है मौके पर संतोष अग्रहरि प्रदेश कोषाध्यक्ष युवा उद्योग व्यापार




मंडल, पूर्व जिला अध्यक्ष जौनपुर ने अमरनाथ साथी का इस आंदोलन में पूर्ण समर्थन किया बक्शा प्रधान पुत्र अरुण कुमार मौर्या ( मुन्ना) पवन अग्रहरि, संतोष गुप्ता, डिंपू, डॉ प्रमोद कुमार सैनी हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा अखिलेश उपाध्याय, गुड्डू सिंह, संतोष सिंह हरिनाथ यादव, अवनीश उपाध्याय जिलेदार यादव विनय उपाध्याय जोखन मौर्या, अमन साथी, मखंचू गौतम, सलमान शेख, नीरज सिंह, शिवन सिंह विकास मौर्या आदि लोग शामिल रहे।

# केमिकल गोदाम में लगी भीषण आग में एक मजदूर की जलकर मौत





तरुणमित्र / अनिल वर्मा

**भिवंडी** : भिवंडी तालुका के वल ग्रामपंचायत श्रेत्र में शनिवार शाम साढ़े चार बजे के करीब केमिकल गोदाम में भीषण आग लग गई। इस आग की चपेट में आकर आधी रात के आसपास एक मजदूर की जलकर मौत हो गई। मृतक का नाम सोमनाथ भोजने (उम्र 48, निवासी कल्याण) है। शनिवार शाम वल ग्रामपंचायत की हद्दी में स्थित भोईर कंपाउंड के केमिकल से भरे गोदाम में आग लगी। आग इतनी तेजी से फैली कि 18 से 20 गोदाम इसकी चपेट में आ गए। गोदाम में रखे ड्रमों में हुए धमाकों के चलते आग फैलती गई और आगे-पीछे के गोदामों तक पहुंच गई। इसी दौरान, आधी रात को पिछले हिस्से में स्थित गोदाम में काम करने वाला मजदूर सोमनाथ भोजने किसी जरूरी सामान को लेने गया था, लेकिन आग की लपटों में आकर उसकी जलकर मौत हो गई। उसका शव गोदाम के पीछे की ओर मिला। नारपोली पुलिस ने मृतदेह को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा है। आग बुझाने के लिए भिवंडी के साथ कल्याण, ठाणे, नवी मुंबई, उल्हासनगर और अंबरनाथ एमआईडीसी के अग्निशमन दलों ने मिलकर सुबह चार बजे तक आग पर काबू पाया। रविवार सुबह भिवंडी अग्निशमन दल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर कूलिंग का काम कर रही हैं। वहीं, नारपोली पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रामीण इलाकों में स्थित गोदामों में अक्सर लगने वाली आग की घटनाएं हमेशा चर्चा में रहती हैं। यहां आग बुझाने के लिए न तो पर्याप्त पानी उपलब्ध होता है और न ही यातायात की सुविधा होती है, जिससे जान-माल की भारी हानि होती है। इसी कारण इस इलाके में एक स्वतंत्र अग्निशमन केंद्र की मांग जोर पकड़ रही है।

# हिम्मत है तो सिंचाई घोटाले की फाइल सामने लाएं

## एनसीपी नेता आनंद परांजपे ने शिंदे सेना को चेताया




तरुणमित्र / सारा पुरी

**ठाणेः** सिंचाई घोटाले की फाइल जहाँ भी अटकी है, उसे सामने लाएँ। यह उनके लिए खुली चुनौती है। एनसीपी नेता (अजित पवार गुट) आनंद परांजपे ने शिंदे सेना को चेतावनी देते हुए कहा कि हम भी अगले 7 दिनों में अपनी आपराधिक प्रवृत्ति, रायगढ़ में किए गए वित्तीय घोटाले और जिला परिषद में उनके सभापति रहते हुए किए गए घोटालों को उजागर करेंगे। शिवसेना शिंदे गुट के मंत्री भरत गोगावले के बयान के बाद अजित पवार गुट के नेता आनंद परांजपे ने उनकी आलोचना की। रायगढ़ के एक 'मूर्ख' ने एक बार फिर एनसीपी के प्रांतीय अध्यक्ष सांसद सुनील तटकरे पर हमला बोला। दरअसल, परांजपे ने गोगावले पर राजनीतिक अपरिपक्वता और रायगढ़ में पालकमंत्री पद के लिए दावेदारी कर रहे शिवसेना मंत्री भरत गोगावले के प्रति मानवीय संवेदना की कमी का आरोप लगाया। सुनील तटकरे के घर में हुई त्रासदी के बाद पूरा परिवार अभी तक उबर नहीं पाया है। तटकरे की आलोचना करना इन 'थ्री इडियट्स' का एक व्यवस्थित कार्यक्रम है।

तटकरे ने विधानसभा में भी गठबंधन धर्म का पालन किया। हालांकि, अगर वे ऐसा नहीं करते तो उन्होंने भरत गोगावले की भी आलोचना करते हुए कहा कि दो उम्मीदवार मैदान में उतारे जाते। उन्हें सिंचाई घोटाले की फाइल जहां भी अटकी है, उसे बाहर लाना चाहिए। यह उनके लिए खुली चुनौती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगले 7 दिनों में हम अपनी आपराधिक प्रवृत्ति, रायगढ़ में किए गए वित्तीय घोटाले और जिला परिषद में उनके अध्यक्ष रहते हुए किए गए घोटाले भी सामने लाएंगे। जिस शिवसेना ने आप पहचाने जब आप राजनीति में पले-बढ़े हैं, तो उन पर इस तरह से आरोप लगाना गलत है। मैंने भी शिवसेना में काम किया है। रश्मि ठाकरे एक पारिवारिक व्यक्ति हैं। रश्मि ठाकरे ने कभी भी राजनीतिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर शिवसेना इस मामले को तूल दे शिवसेना ने बड़ा किया और ऐसे समय में रश्मि भाभी के बारे में आरोप लगाएंगे तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा।

# अंधेरी में भाजपा द्वारा निःशुल्क महा आरोग्य शिविर आयोजन, हज़ारों नागरिकों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

तरुणमित्र / रामकुमार मधुकर



**मुंबईः** अंधेरी (पूर्व) के पंप हाउस स्थित मोगरा सार्वजनिक मंडल परिसर में रविवार को भाजपा मुंबई की ओर से एक विशाल निःशुल्क महा आरोग्य शिबिर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिबिर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और विविध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।बता दें कि पन प्रियदर्शिनी सामाजिक संस्था व सैफी हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस शिबिर में ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, हड्डियों की जांच, लिपिड प्रोफाइल, सामान्य रोग परीक्षण जैसी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की गईं। इसके अलावा हृदय रोगियों के लिए बायपास सर्जरी व एंजियोप्लास्टी से संबंधित परामर्श व चिकित्सा सहायता भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।शिबिर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पूरी तत्परता से मौजूद रही, जिन्होंने रोगियों की जांच कर उचित मार्गदर्शन और दवाइयां प्रदान कीं। कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखने लायक था और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता का माहौल साफ दिखाई दिया।कार्यक्रम में अंधेरी पूर्व विधानसभा के विधायक मुरजी पटेल एवं सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज की। दोनों अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है, और ऐसे आयोजनों से जनसेवा को नई दिशा मिलती है।इस अवसर पर शिबिर के आयोजक भाजपा मुंबई सचिव एवं अजय चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी ने बताया— कि हमारा प्रयास है कि समाज सेवा केवल शब्दों में न रह जाए, बल्कि जमीनी स्तर पर उसका वास्तविक लाभ जनता तक पहुँचे। स्वास्थ्य सेवा किसी धार्मिक अनुष्ठान से कम नहीं, और हमें गर्व है कि हमने यह सेवा आज सच्चे अर्थों में निभाई।इस सफल आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब राजनीतिक संकल्प, सामाजिक संस्था और चिकित्सा सेवा एक मंच पर साथ आते हैं, तो जनकल्याण का एक सशक्त उदाहरण स्थापित होता है। इस आयोजन में मुख्य रूप से सक्रिय कार्यकर्ता नरेंद्र शुक्ला,प्रियंका मूंगेकर,गीता दरवेशी,वीणामुरकर,अंकिता नवाले, पदमाकर सिंह,सुनील करपे,राजेश हटवार,साधना मिश्रा, मनीषा यादव,रमेश भावकार, शकुंतला यादव, शिवराम राने आदि के सहयोग से आयोजन सफल हुआ ।

# सिविल अस्पताल में एक ही दिन में हुई 50 बच्चों की हर्निया, हाइड्रोसील, रक्त का थक्का, अटकी हुई जीभ, अटकी हुई उंगली, फिमोसिस आदि की सर्जरी

तरुणमित्र / ब्यूरो



**ठाणे**। निजी अस्पतालों में होने वाली बड़ी और जटिल सर्जरी अब ठाणे सिविल अस्पताल में की जा रही है। रविवार को अस्पताल में बच्चों की सरल और जोखिम भरी दोनों तरह की सर्जरी मुफ्त में की गई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य (आरबीएसके 2.0) कार्यक्रम के तहत सर्जरी सप्ताह के अवसर पर 0 से 18 वर्ष की आयु के लड़के और लड़कियों की 50 से अधिक सर्जरी एक ही दिन में की गई जिसमें हर्निया, रक्त का थक्का, अटकी हुई उंगली, फिमोसिस, गर्दन, पेट के ट्यूमर आदि से पीड़ित मरीजों का समावेश है। सिविल अस्पताल में हर दिन करीब 600 से 700 मरीज इलाज के लिए आते हैं। कभी-कभी इन मरीजों की छोटी और बड़ी सर्जरी की जाती है। रविवार को बच्चों की विभिन्न सर्जरी का एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार ने बताया कि ठाणे पालघर जिले से आए बच्चों की शारीरिक जांच के बाद सरल और जटिल दोनों प्रकार की 50 सर्जरी की गई। अभिभावक बच्चों को सर्जरी के लिए एक-दो दिन पहले ही सिविल अस्पताल लाए थे। अस्पताल ने उनके खाने-पीने की सारी व्यवस्था की थी। केईएम अस्पताल के पूर्व डीन डॉ. संजय ओक के मार्गदर्शन में लड़के-लड़कियों पर हर्निया, हाइड्रोसील, चर्बी की गांठ, फिमोसिस, अटकी हुई उंगली, अटकी हुई जीभ, खून का थक्का, बवासीर जैसे विभिन्न रोगों सफल सर्जरी की गई हैं। इसमें सायन अस्पताल और कौशल्या अस्पताल ने भरपूर सहयोग किया है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ कैलाश पवार ने बताया कि रविवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य (आरबीएसके 2.0) कार्यक्रम के तहत सर्जरी सप्ताह के अवसर पर केईएम अस्पताल के पूर्व डीन डॉ. संजय ओक और उनके साथी डॉक्टरों ने अस्पताल में छोटे लड़के-लड़कियों की सर्जरी की। इनमें कुछ जोखिम भरी सर्जरी भी सफलतापूर्वक की गई है। सिविल अस्पताल के सर्जरी कक्ष में आधुनिक उपकरण हैं। चिकित्सा विशेषज्ञ बड़ी कुशलता से मरीजों की सर्जरी करते हैं। कल्याण निवासी एक मरीज के रिश्तेदार ने बताया कि मैंने सिर्फ़ सुना था कि ठाणे सिविल अस्पताल में अच्छी सर्जरी होती है। आज मैंने खुद इसका अनुभव किया। यह पहली बार है जब हमने एक ही दिन में इतने सारे बच्चों की सर्जरी होते देखी है। सरकारी अस्पतालों में ऐसी सर्जरी हो रही है तो सभी को इलाज के लिए सिविल अस्पताल आना चाहिए।

# हवाई अड्डा और द्रोणागिरी के लिए बनेगी नई पुलिस स्टेशन, द्रोणागिरी पुलिस स्टेशन के लिए एक एकड़ जगह

तरुणमित्र- सनी पांडेय

**नवी मुंबई**। नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के सहायक पुलिस आयुक्त बंदरगाह विभाग के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशनों का पुनर्रचना कर नवी मुंबई हवाई अड्डे के लिए अलग से पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा. मौजूदा उरण पुलिस स्टेशन, मोरा सागरी पुलिस स्टेशन तथा न्हावा-शेवा पुलिस स्टेशन का पुनर्रचना किया जाएगा तथा द्रोणागिरी पुलिस स्टेशन नया पुलिस स्टेशन बनाया जाएगा.नया द्रोणागिरी पुलिस स्टेशन फंडे कॉलेज के सामने एक एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा. इस जगह पर एक एकड़ का प्लॉट है और यहां पुलिस स्टेशन की बिल्डिंग भी है. इस जगह पर नई बिल्डिंग बनाई जाएगी. पुलिस सूत्रों ने बताया कि नवी मुंबई पुलिस कमिश्नरेट में किसी भी पुलिस स्टेशन का क्षेत्रफल इतना बड़ा नहीं है। मोरा पुलिस स्टेशन को उरण पुलिस स्टेशन में विलय किया जाएगा. उरण पूर्व के सभी गांव, चिरले से एनएच 348 राजमार्ग के पूर्व के गांव और क्षेत्र, नवघर से बोकाडवीरा तक के गांव और द्रोणागिरी नोड का क्षेत्र द्रोणागिरी पुलिस स्टेशन में शामिल किया जाएगा, जबकि मोरा पुलिस स्टेशन के सभी गांवों को उरण पुलिस स्टेशन में और करंजा, न्यू शेवा, मुलेखंड, चानजे, डाउरनगर और उरण शहर को उरण पुलिस स्टेशन में जोड़ा जाएगा. जासई क्षेत्र का भाग न्हावा-शेवा पुलिस स्टेशन में शामिल किया जाएगा. नवनिर्मित हवाई अड्डा क्षेत्र के लिए एक नया पुलिस स्टेशन स्थापित किया जाएगा. ऐसा प्रस्ताव गृह विभाग को मंजूरी के लिए भेजा गया है. प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद, नए पुलिस स्टेशन भवनों का निर्माण और जनशक्ति का प्रावधान किया जाएगा. वर्तमान में, पोर्ट डिवीजन सहायक पुलिस आयुक्त के क्षेत्र में उरण, न्हावा-शेवा, मोरा सागरी और उल्वे यह चार पुलिस स्टेशन कार्यरत हैं।

**बढ़ेगा महत्व, लोगो को होगा फायदा** : पुनर्रचना के बाद द्रोणागिरी पुलिस स्टेशन का महत्व बढ़ जाएगा. इसी तरह उरण पूर्व क्षेत्र के लोगों की परेशानी भी काफी हद तक कम हो जाएगी. उरण पुलिस स्टेशन वर्तमान में उरण शहर में स्थित है. यहां पहुंचने के लिए सड़कें बहुत संकरी होने के कारण हमेशा ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है. बड़े वाहन यहां से नहीं गुजर सकते. हालांकि पुलिस स्टेशन से यह समस्या कम हो जाएगी. इससे उरण पूर्व क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा।

# दादर में डेढ़ हजार फेरीवालों पर पुलिस की दंडात्मक कार्रवाई

तरुणमित्र / संवाददाता



**मुंबई** : दादर पश्चिम रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले फेरीवालों के खिलाफ शिवाजी पार्क पुलिस द्वारा बीते कुछ सप्ताहों में सख्त अभियान चलाया गया है। पिछले पंद्रह दिनों में 1,322 फेरीवालों और 287 ज्वलनशील पदार्थों का इस्तेमाल करने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई है।शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास दातीर ने बताया कि यह कार्रवाई रोजाना सुबह और शाम की भीड़ के समय की जाती है। फेरीवालों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने और ज्वलनशील पदार्थों का इस्तेमाल कर नागरिकों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाले लोगों पर भी कोप्टा कानून (COTPA) के तहत जुर्माना लगाया गया है।यह भी सामने आया है कि इन अतिक्रमणों के कारण नागरिकों को पैदल चलने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि एक बार कार्रवाई के बाद, ये फेरीवाले फिर से उसी जगह लौटकर दुकानें लगाने लगते हैं। इसी को देखते हुए अब पुलिस ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान शुरू किया है,

# दिनदहाड़े सड़क पर महिला की हत्या, महिला सुरक्षा पर उठे सवाल

तरुणमित्र / युसुफ पुरी



**कलवा**। कलवा में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाली एक भयावह घटना हुई है। काम पर जा रही एक महिला की दिनदहाड़े सड़क पर हत्या कर दी गई। इस घटना से हड़कंप मच गया है। पुलिस हत्या करने वाले आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना से इलाके में रहने वाली महिलाओं में दहशत फैल गई है। कलवा पूर्व के सम्राट अशोक नगर इलाके में सुबह काम पर जा रही महिला मजदूर की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शांति सुरेश चव्हाण (उम्र करीब 37 वर्ष) की किसी अज्ञात व्यक्ति ने बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना से पूरे कलवा इलाके में भय और बेचैनी का माहौल फैल गया है। शांति चव्हाण हमेशा की तरह सुबह अपने घर से काम पर निकली थी। हालांकि, वह काम पर नहीं पहुंची। दोपहर में उसका शव कलवा स्थित एक इमारत की पहली मंजिल पर मिला। उसके गले में दुपट्टा बंधा हुआ था और गले व पेट पर चाकू से किए गए गंभीर घाव साफ दिखाई दे रहे थे। पुलिस को संदेह है कि यह सुनियोजित हत्या थी। घटना की सूचना मिलते ही कलवा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बीच, शांति चव्हाण की हत्या की खबर फैलते ही कलवा नाका क्षेत्र में महिला नाका कर्मियों में भय का माहौल बन गया है। शांति चव्हाण को न्याय दिलाने के लिए बड़ी संख्या में महिला कर्मी कलवा अस्पताल में एकत्रित हुईं। पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और हर संभव दिशा में जांच की जा रही है। क्या शांति चव्हाण की किसी से कोई निजी दुश्मनी थी? इसकी भी जांच की जा रही है। स्थानीय महिलाओं ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा, "महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा फिर से सामने आया है और काम पर जाने वाली महिलाओं को पर्याप्त सुरक्षा सुविधाएं मिलना समय की मांग है।" इस घटना से पूरा कलवा सहमा हुआ है और नागरिक मांग कर रहे हैं कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करे।

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक के विद्युत सजावट टेंडर में घोटाला? बीजेपी नेताओं पर गंभीर आरोप

तरुणमित्र- सनी पांडेय

**नवी मुंबई**। नवी मुंबई के ऐरोली में स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक की विद्युत सजावट के टेंडर को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है.नेरुल की छाया खेमानी नामक महिला ने इस टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए दो प्रमुख बीजेपी नेताओं – पूर्व महापौर सागर नाईक और नेरुल के पूर्व नगरसेवक रविंद्र इथापे – पर दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। छाया खेमानी का कहना है कि वर्ष 2023 में उन्होंने Hybec कंपनी के माध्यम से स्मारक की सीमा दीवार पर हाईबैक लाइटिंग लगाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर तत्कालीन आयुक्त राजेश नार्वेकर को सौंपा था.प्रारंभ में प्रस्ताव में कुछ तकनीकी जानकारी की कमी होने के कारण वह नामंजूर कर दिया गया. लेकिन बाद में सभी जरूरी जानकारियाँ देकर दोबारा प्रस्ताव जमा करने पर अधिकारियों ने उसे मंजूरी दे दी. प्रस्ताव की फाइल संख्या 339 है, जिसे आगे की मंजूरी के लिए भेजा गया था. लेकिन खेमानी के मुताबिक, वह फाइल बार-बार गायब की जाती रही — कभी बेलापुर मुख्यालय से तो कभी ऐरोली इंजीनियरिंग विभाग से. आयुक्त को शिकायत करने के बाद फाइल मिली, लेकिन उसके बाद भी टेंडर प्रक्रिया में उनकी कंपनी का नाम हटाकर अन्य फर्मों को प्राथमिकता दी गई।




**नेताओं का अधिकारियों पर दबाव का आरोप** : इस संदर्भ में जब छाया खेमानी जवाब मांगने गईं, तब उन्हें पता चला कि बीजेपी के कुछ नेता अधिकारियों पर दबाव बनाकर यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि टेंडर उनकी मनचाही कंपनियों को ही मिले. बताया जा रहा है कि स्मारक की सजावटी लाइटिंग के लिए 11 जून को लगभग 21 लाख रुपये का टेंडर निकाला गया, जिसकी अंतिम तिथि 18 जून है।

### भीम अनुयायियों में गहरी नाराजगी

डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक नवी मुंबई की पहचान और सामाजिक समरसता का प्रतीक माना जाता है. इसलिए वहां होने वाले किसी भी कार्य में पारदर्शिता की अपेक्षा रहती है. लेकिन इस प्रकार की राजनीति और हस्तक्षेप से भीम अनुयायियों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है, और संभावना जताई जा रही है कि यदि यह मुद्दा जल्द नहीं सुलझा, तो आंदोलन या मोर्चों का सामना करना पड़ सकता है. इस विषय पर जब मनपा अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# ओवरलोड ट्रकों से बढ़ा खतरा, वाशी एपीएमसी प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

तरुणमित्र/ब्यूरो




**नवी मुंबई**। वाशी स्थित एपीएमसी कांदा-बटाटा मार्केट से रोजाना भारी संख्या में ट्रक और टेम्पो द्वारा माल की ढुलाई की जाती है.आरोप है कि इन वाहनों में क्षमता से अधिक माल लादा जाता है, जिससे मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे जैसे इलाकों में सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार ओवरलोडिंग पर आपत्ति जताने पर वाहनचालक और कुछ यूनियन सदस्य दावा करते हैं कि उन्हें ट्रैफिक पुलिस, आर.टी.ओ. अधिकारी और मार्केट प्रशासन का संरक्षण प्राप्त है. इससे आम लोगों में नाराजगी और असुरक्षा का माहौल है. इस गंभीर मुद्दे को देखते हुए नागरिकों ने वाशी एपीएमसी के मुख्य सचिव से अपील की है कि ऐसे ओवरलोड वाहनों पर तत्काल रोक लगाई जाए. साथ ही, प्रशासन से यह मांग भी की गई है कि ऐसे वाहनों की नियमित जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे संभावित दुर्घटनाओं और जनहानि को रोका जा सके।

स्वामी-स्व. कैलाशनाथ प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक स्वतंत्र कुमार द्वारा नवभारत प्रेस लिमिटेड, नवभारत भवन प्लाट नंबर-13 सेक्टर 8 सानपाडा (पूर्व) नवी मुंबई : 470709 से मुद्रित एवं पत्रकार सदन लोकमान्य नगर नं. 4 ठाणे- 400606 महाराष्ट्र से प्रकाशित।
RNI No. MAHHIN/2008/27046 संपादक- स्वतंत्र कुमार सिटी कार्यालय- गाला नं. 61 दादोजी कोंडदेव स्टेडियम खारटन रोड, ठाणे(वेस्ट) महाराष्ट्र, मोबाः 09415287970, 7400223777, 9892789606,
ईमेल tarun.thana@gmail.com, www.tarunmitra.in * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं उत्पन्न समस्त विवाद ठाणे न्यायालय के अधीन होंगे।